AKF16-I

इस पुस्तिका में 56 पृष्ठ हैं ।
This booklet contains 56 pages.

प्रश्न-पत्र I / PAPER I
मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET

परीक्षा पुस्तिका संकेत
Test Booklet Code

**U**

परीक्षा पुस्तिका संख्या
Test Booklet No.

8094155

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **काले/नीले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि $2\frac{1}{2}$ घंटे है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल काले/नीले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत** है **U**. यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी प्रश्न पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | (प्र. 1 से प्र. 30) |
| भाग-II | : गणित | (प्र. 31 से प्र. 60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्र. 61 से प्र. 90) |
| भाग-IV | : भाषा I - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्र. 91 से प्र. 120) |
| भाग-V | : भाषा II - (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्र. 121 से प्र. 150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है तो कृपया उस भाषा वाली परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
7. **परीक्षार्थी भाग-V (भाषा-II) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **Black/Blue** ball point pen only.
2. The test is of $2\frac{1}{2}$ **hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Black/Blue Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **U**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions, each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. 1 to Q. 30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q. 31 to Q. 60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q. 61 to Q. 90) |
| Part-IV | : Language I - (English/Hindi) | (Q. 91 to Q. 120) |
| Part-V | : Language II - (English/Hindi) | (Q. 121 to Q. 150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Test Booklet that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Part -V (Language-II) in a language other than the one chosen as Language-I (in Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ______________________
Name of the Candidate (in Capitals) :

अनुक्रमांक : (अंकों में) ______________________
Roll Number : in figures

: (शब्दों में) ______________________
: in words

परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ______________________
Centre of Examination (in Capitals) :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ______________
Candidate's Signature :

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ______________
Invigilator's Signature :

Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent ______________________

## PART – I / भाग – I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

*Directions : Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 30) by selecting the* ***most*** *appropriate options.*

**1. Learning is an active process because :**

(1) learning takes place when there is some information given to the learner.

(2) learning refers to memorization and an active change in one's behaviour.

(3) knowledge is constructed by the learner by acting upon it.

(4) learning is governed primarily by biological factors.

**2. In the context of students' readiness to learn it is important for the teacher to :**

(1) gauge the motivation of students to learn.

(2) apply 'Law of Readiness' to the students.

(3) assess the general knowledge of students.

(4) disregard students' previous learnings.

**3. In an effective classroom :**

(1) the students are in competition with one another to score more marks.

(2) the teacher prepares a lesson, presents it as a lecture and discourages discussion.

(3) the teacher encourages discussion and makes connections with the students' previous knowledge and background.

(4) the students passively follow the directions of the teacher.

*निर्देश : सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 1 से 30) के उत्तर दीजिए ।*

**1. सीखना एक सक्रिय प्रक्रिया है, क्योंकि :**

(1) सीखना तब होता है जब शिक्षार्थी को कुछ जानकारी दी गई हो ।

(2) सीखना याद करने और किसी के व्यवहार में सक्रिय परिवर्तन की ओर संकेत करता है ।

(3) ज्ञान पर कार्य करते हुए शिक्षार्थी ज्ञान का निर्माण करता है ।

(4) सीखना मुख्य रूप से जैविकीय कारकों से नियंत्रित होता है ।

**2. सीखने के लिए बच्चे की तैयारी के संदर्भ में एक शिक्षक के लिए यह महत्त्वपूर्ण है :**

(1) अधिगम के प्रति बच्चे के अभिप्रेरण को मापना ।

(2) बच्चों पर 'तैयारी का नियम' लागू करना ।

(3) बच्चे के सामान्य ज्ञान का निर्धारण करना ।

(4) बच्चे के पूर्व अधिगम पर ध्यान न देना ।

**3. एक प्रभावी कक्षा में :**

(1) अधिक अंक प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थी एक-दूसरे के साथ प्रतियोगिता में रहते हैं ।

(2) शिक्षक पाठ तैयार करता है, एक व्याख्यान के रूप में उसे प्रस्तुत करता है तथा चर्चा को हतोत्साहित करता है ।

(3) शिक्षक चर्चा को प्रोत्साहित करता है और शिक्षार्थियों के पूर्व ज्ञान एवं पृष्ठभूमि के साथ संबंध बनाता है ।

(4) शिक्षार्थी निष्क्रिय रूप से शिक्षक के निर्देशों का पालन करते हैं ।

4. **Children develop interest in the classroom when :**

(1) the teacher favours only good students.

(2) the teacher encourages and appreciates each student to participate.

(3) they sit in the big classrooms with their friends.

(4) they don't get homework.

5. **As children enter the school :**

(1) they should be told that the school has a different language and they should not speak in their mother tongue at all.

(2) their parents should be told to use only the language of the school at home.

(3) they should be allowed to speak in their mother tongue because expression is important.

(4) they should be fined for not speaking in the language of the school.

6. **Which one of the following best describes a teacher's role ?**

(1) The teacher should focus primarily on the knowledge given in the textbook.

(2) The teacher should maintain her records diligently.

(3) The general attitude of the teacher should be to promote a feeling of security among the children.

(4) The teacher should encourage competition among children to prepare them for social world.

4. **बच्चे कक्षा में रुचि विकसित करते हैं जब :**

(1) शिक्षक केवल अच्छे शिक्षार्थियों का पक्ष लेता है ।

(2) शिक्षक प्रत्येक शिक्षार्थी को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित तथा प्रशंसा करता है ।

(3) वे बड़ी कक्षाओं में अपने मित्रों के साथ बैठते हैं ।

(4) उन्हें गृहकार्य नहीं मिलता है ।

5. **जब बच्चे विद्यालय में आते हैं :**

(1) उन्हें बता देना चाहिए कि विद्यालय की भाषा भिन्न है और उन्हें अपनी मातृभाषा में बिलकुल भी नहीं बोलना चाहिए ।

(2) उनके अभिभावकों को बताना चाहिए कि वे घर पर केवल विद्यालय की भाषा को ही इस्तेमाल करें ।

(3) उन्हें अपनी मातृभाषा में बोलने की अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति महत्त्वपूर्ण होती है ।

(4) विद्यालय की भाषा में न बोलने के लिए उन पर अर्थदंड लगाना चाहिए ।

6. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शिक्षक की भूमिका का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?**

(1) शिक्षक को मुख्य रूप से पाठ्य-पुस्तकों में दिए गए ज्ञान पर बल देना चाहिए ।

(2) शिक्षक को अपने अभिलेखों का रख-रखाव परिश्रमपूर्वक करना चाहिए ।

(3) एक शिक्षक की सामान्य अभिवृत्ति बच्चों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने वाली होनी चाहिए ।

(4) सामाजिक दुनिया के लिए तैयार करने हेतु शिक्षक को बच्चों में प्रतियोगिता को बढ़ावा देना चाहिए ।

7. How can the teacher promote problem solving skills in the students ?

(1) By making use of chalk and board method in her teaching.

(2) By providing students with diverse materials and encouraging them to explore their materials.

(3) By giving them continuous practice questions and laying stress on drill only.

(4) By promoting discipline among her students.

8. Children formulate their own strategies for learning. In this context, a teacher :

(1) needs to discard children's strategies and transact the lesson she has planned.

(2) needs to understand the children's strategies and discuss and have a dialogue with children.

(3) should give the children a long lecture asking them not to do so.

(4) should motivate the children to strictly follow the procedures listed in the textbook.

9. Which one of these factors plays a very important role in learning ?

(1) Genetic make-up alone

(2) Physical infrastructure

(3) Social context and emotions

(4) Maturation and physical appearance

7. शिक्षक शिक्षार्थियों में समस्या समाधान कौशल को बढ़ावा कैसे दे सकता है ?

(1) अपने शिक्षण में चॉक-श्यामपट का प्रयोग करके ।

(2) शिक्षार्थियों को विविध पदार्थ उपलब्ध कराकर तथा उन्हें अपनी सामग्री का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहन देकर ।

(3) उन्हें निरंतर अभ्यास प्रश्न देकर और अभ्यास पर बल देकर ।

(4) अपने शिक्षार्थियों में अनुशासन को बढ़ावा देकर ।

8. बच्चे सीखने के लिए स्वयं अपनी युक्तियाँ बना लेते हैं । इस संदर्भ में शिक्षक को :

(1) बच्चों की युक्तियों पर ध्यान न देकर अपनी बनाई पाठ योजना को पूरा करना चाहिए ।

(2) बच्चों की युक्तियों को समझना तथा उनके साथ उन पर चर्चा और संवाद स्थापित करना चाहिए ।

(3) बच्चों को ऐसा न करने के लिए एक लंबा भाषण देना चाहिए ।

(4) पाठ्य-पुस्तक में लिखित प्रक्रिया को कड़ाई से पालन के लिए बच्चों को प्रेरणा देनी चाहिए ।

9. इनमें से कौन-सा कारक सीखने में अति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ?

(1) केवल आनुवंशिक बनावट

(2) भौतिक आधारभूत संरचना

(3) सामाजिक संदर्भ तथा संवेग

(4) परिपक्वता तथा शारीरिक छवि

10. 'Early childhood' refers to the period from :

(1) 2 to 8 years

(2) 6 to 12 years

(3) birth to 5 years

(4) birth to 8 years

11. Knowing about principles of growth and development is important for a teacher because :

(1) this knowledge would help the teacher to segregate the children.

(2) the teacher would be able to create a good impression.

(3) this knowledge would help the teacher to provide the children with appropriate learning opportunities.

(4) this would make, Child Development a popular course.

12. A Child's development is the result of :

(1) upbringing

(2) a combination of heredity and environment

(3) heredity

(4) environment

13. Children :

(1) are born unruly and need to be civilized by the society.

(2) are a gift of God meant to be worshipped.

(3) are influenced by the social and cultural context they grow up in.

(4) come into this world with a blank slate.

10. 'प्रारंभिक बाल्यावस्था' इस अवधि की ओर संकेत करती है :

(1) 2 से 8 वर्ष तक

(2) 6 से 12 वर्ष तक

(3) जन्म से 5 वर्ष तक

(4) जन्म से 8 वर्ष तक

11. किसी शिक्षक के लिए वृद्धि और विकास के सिद्धांतों के बारे में जानना महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि :

(1) यह ज्ञान बच्चों को पृथक करने में शिक्षक की सहायता करेगा ।

(2) शिक्षक अच्छा प्रभाव डालने में समर्थ हो सकेगा ।

(3) बच्चों को सीखने के उपयुक्त अवसर प्रदान करने में यह ज्ञान शिक्षक के लिए सहायक होगा ।

(4) इससे बाल विकास एक लोकप्रिय पाठ्यक्रम बनेगा ।

12. बच्चे का विकास परिणाम है :

(1) पालन-पोषण का

(2) आनुवंशिकता और पर्यावरण के मेल का

(3) आनुवंशिकता का

(4) पर्यावरण का

13. बच्चे :

(1) जन्म से उच्छृंखल होते हैं और उन्हें समाज द्वारा सभ्य बनाने की आवश्यकता होती है ।

(2) ईश्वर का उपहार हैं जिनकी पूजा होनी चाहिए ।

(3) जिस सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में बढ़ते हैं उससे प्रभावित होते हैं ।

(4) एक खाली स्लेट जैसे संसार में आते हैं ।

14. A 5 year old child fails to reason that when water is transferred from a tall and narrow glass to a wide container the quantity of water remains the same. This is because :

(1) she cannot symbolize.
(2) she cannot imitate.
(3) she cannot reverse her thinking.
(4) her behaviour is not goal-directed.

15. While riding a bicycle a boy prompts his sister – "Drive fast ! We will reach there earlier". He is showing an understanding of :

(1) Symbolic thought
(2) Egocentric thinking
(3) Cause and effect
(4) Reversible thinking

16. The process of adjusting, deleting schemas and forming new schemas to maintain equilibrium is called :

(1) Zone of proximal development
(2) Scaffolding
(3) Adaptation
(4) Schema formation

17. The term, "Private Speech" was first used by :

(1) Kohlberg
(2) Vygotsky
(3) Erickson
(4) Piaget

18. According to Vygotsky, children learn a lot through _________ their peers.

(1) physical fighting with
(2) imitation of
(3) interaction with
(4) competition with

14. एक पाँच साल का बच्चा यह तर्क नहीं कर पाता कि जब पानी को ऊँचे और सँकरे गिलास से चौड़े बरतन में डाला जाता है तो पानी की मात्रा उतनी ही रहती है । ऐसा इसलिए होता है कि :

(1) वह प्रतीक नहीं बना पाता ।
(2) वह अनुकरण नहीं कर पाता ।
(3) वह वैपर्ययी चिंतन नहीं कर सकता ।
(4) उसका व्यवहार उद्देश्योन्मुखी नहीं होता ।

15. एक साइकिल में जाते हुए कोई बच्चा अपनी बहन से कहता है, "तेज़ चलाओ ! हम वहाँ जल्दी पहुँच जाएँगे ।" वह यह समझ प्रदर्शित कर रहा है :

(1) प्रतीकात्मक विचार
(2) अहंकेंद्रित विचार
(3) कार्य कारण
(4) वैपर्ययी चिंतन

16. संतुलन बनाए रखने के लिए 'स्कीमाओं' को समायोजित करने, हटाने और नए स्कीमा बनाने की प्रक्रिया को कहा जाता है :

(1) निकटस्थ विकास का क्षेत्र
(2) आधारभूत सहायता
(3) अनुकूलन
(4) स्कीमा निर्माण

17. 'निजी भाषा' शब्दावली का प्रयोग पहली बार _______ द्वारा किया गया ।

(1) कोहलबर्ग
(2) वाइगोत्स्की
(3) एरिक्सन
(4) पियाजे

18. वाइगोत्स्की के अनुसार, बच्चे अपने समवयस्कों के साथ ______ करके बहुत कुछ सीखते हैं ।

(1) मारपीट
(2) अनुकरण
(3) अंत:क्रिया
(4) प्रतियोगिता

19. **Kohlberg's idea of moral development has ________ levels.**
(1) three
(2) four
(3) two
(4) eight

20. **Learner-centred approach is one in which :**
(1) learners are rewarded and punished for their responses.
(2) the teacher focuses on memorizing of facts.
(3) learners with the teacher's guidance are made responsible for constructing their own understanding.
(4) learners are left free to learn on their own.

21. **Intelligence includes :**
(1) the capacity of an individual to produce novel/original answers to problems.
(2) the ability to produce a single response to a specific question.
(3) a set of capabilities that allows an individual to learn.
(4) a permanent change in behaviour as a result of experience.

22. **"The importance of communication with others as a major factor in the development of a child's language" is expressed by :**
(1) Bandura
(2) Vygotsky
(3) Kohlberg
(4) Freud

19. **कोह्लबर्ग के नैतिक विकास के विचार के ______ स्तर हैं ।**
(1) तीन
(2) चार
(3) दो
(4) आठ

20. **शिक्षार्थी-केंद्रित उपागम वह है जिसमें :**
(1) शिक्षार्थियों को उनकी प्रतिक्रियाओं के लिए पुरस्कार और दंड दिया जाता है ।
(2) शिक्षक तथ्यों को याद करने पर बल देता है ।
(3) शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ शिक्षार्थियों को अपनी स्वयं की समझ का निर्माण करने के लिए उत्तरदायी बनाया जाता है ।
(4) शिक्षार्थी स्वयं सीखने के लिए स्वतंत्र हैं ।

21. **बुद्धि में शामिल है :**
(1) समस्याओं के नवीन/मौलिक उत्तर देने के लिए एक व्यक्ति की क्षमता
(2) किसी प्रश्न विशेष का एक ही उत्तर देने की योग्यता
(3) योग्यताओं का समूह जो व्यक्ति को सीखने में मदद करता है ।
(4) अनुभव के परिणामस्वरूप व्यवहार में स्थायी परिवर्तन

22. **"एक बच्चे की भाषा के विकास में दूसरों के साथ सम्प्रेषण एक महत्त्वपूर्ण कारक है ।" यह कथन है –**
(1) बंडूरा का
(2) वाइगोत्स्की का
(3) कोह्लबर्ग का
(4) फ्रायड का

23. **If a teacher thinks that girls need to be given a different type of education which would help them become good wives and mothers, this type of thinking :**

(1) challenges the social attitude towards girls.

(2) shows that teachers cannot and should not try to change the social perception.

(3) is beneficial to the girls and would help them to perform their roles assigned by the society in a better way.

(4) promotes gender bias and restricts the potential of the girls.

24. **Assessment should focus on :**

(1) increasing competition among children.

(2) reducing the teacher's work.

(3) furthering learning.

(4) labelling children.

25. **Children with special needs should be :**

(1) given no education at all.

(2) given only vocational training.

(3) segregated and put in separate institutions.

(4) included in 'regular' set-ups with special provisions.

26. **To deal with diversity in her classroom a teacher needs to :**

(1) disregard the social context of the students.

(2) judge the students on the basis of their physical appearance.

(3) be sensitive to the social and cultural context of the students.

(4) give uniform instructions and disregard individual differences.

23. **यदि एक शिक्षक का यह विचार है कि लड़कियों को भिन्न प्रकार की शिक्षा देने की आवश्यकता है जो बेहतर पत्नी और माँ बनने में उनकी मदद कर सके, तो इस प्रकार का विचार :**

(1) लड़कियों के प्रति सामाजिक अभिवृत्ति को चुनौती देता है ।

(2) यह प्रदर्शित करता है कि शिक्षक सामाजिक दृष्टिकोण को परिवर्तित नहीं कर सकते और न ही करने की कोशिश करनी चाहिए ।

(3) लड़कियों के लिए लाभकारी है और समाज द्वारा दी गई भूमिकाओं को बेहतर तरीके से निष्पादित करने में उनकी मदद करेगा ।

(4) लिंग पूर्वाग्रह को बढ़ावा देता है और लड़कियों की क्षमताओं को सीमित करता है ।

24. **मूल्यांकन का केंद्रबिंदु (फोकस) होना चाहिए :**

(1) बच्चों में प्रतियोगिता बढ़ाना ।

(2) अध्यापक का कार्य घटाना ।

(3) अधिगम को आगे बढ़ाना

(4) बच्चों का वर्गीकरण करना ।

25. **हमें चाहिए कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को :**

(1) कोई शिक्षा नहीं दी जाए ।

(2) केवल व्यावसायिक शिक्षा दी जाए ।

(3) अलग करके भिन्न विद्यालय में रखें ।

(4) विशेष व्यवस्था वाले नियमित ढाँचों में शामिल करें ।

26. **अपनी कक्षा में विविधता को सँभालने के लिए शिक्षक को :**

(1) शिक्षार्थियों के सामाजिक संदर्भ का सम्मान नहीं करना चाहिए ।

(2) बच्चों की शारीरिक छबि के आधार पर उन्हें जाँचना चाहिए ।

(3) शिक्षार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है ।

(4) समान अनुदेशन देने और वैयक्तिक भिन्नताओं पर ध्यान न देने की आवश्यकता है ।

27. **How would you identify a child with learning disability ?**

(1) by administering intelligence tests

(2) by seeing their physical appearance

(3) by looking at their note books for writing

(4) by observing how much they fight with other children

28. **A creative child has the following characteristic :**

(1) rigid in approach to problem-solving

(2) ability to rote memorize

(3) conformity to the given rules and norms

(4) original thought and expression

29. **Creativity includes the ability to :**

(1) copy and imitate others.

(2) do divergent thinking.

(3) rote memorize long passages and sequences of numbers.

(4) do convergent thinking.

30. **When a child's capability in any particular area of development is low, it :**

(1) does not influence her overall development.

(2) does not mean delay in any area of development.

(3) has an impact on all areas of development.

(4) has no effect on the child.

27. **अधिगम निर्योग्यता वाले बच्चे की पहचान आप कैसे करेंगे ?**

(1) बुद्धि परीक्षण करके ।

(2) उनकी शारीरिक बनावट देखकर ।

(3) उसकी लिखने की नोटबुक को देखकर ।

(4) यह देखकर कि वे दूसरे बच्चों से कितना लड़ते हैं ।

28. **किसी सृजनशील बच्चे में निम्नलिखित विशेषता होती है :**

(1) समस्या-समाधान के प्रति दृढ़ उपागम

(2) रटकर याद करने की योग्यता

(3) दिए गए नियमों और मानकों के प्रति समनुरूपता

(4) मौलिक विचार और अभिव्यक्ति

29. **सृजनात्मकता में शामिल है :**

(1) दूसरों का अनुकरण और नकल करने की योग्यता

(2) अपसारी चिंतन करने की योग्यता

(3) लंबे अनुच्छेदों और अंकों को क्रमवार याद करने की योग्यता

(4) अभिसारी चिंतन की योग्यता

30. **जब विकास के किसी भी क्षेत्र विशेष में बच्चे की क्षमता कम है, तो :**

(1) वह उसके सर्वांगीण विकास को प्रभावित नहीं करता ।

(2) इसका अर्थ विकास के किसी क्षेत्र में कोई विलंब नहीं है ।

(3) विकास के सभी क्षेत्रों पर उसका प्रभाव पड़ता है ।

(4) उसका वच्चे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता ।

## PART – II / भाग – II
## MATHEMATICS / गणित

*Direction : Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options :*

**31. It is often found that learners at primary level experience difficulty in comprehending word problems. This problem can be best addressed by :**

(1) introducing word problems in mother tongue as well.

(2) giving a lot of word problems for practice.

(3) eliminating word problems from the primary Mathematics Curriculum.

(4) asking learners to look into dictionary for meanings.

**32. A teacher of Class III gives the following word problem on "subtraction" to the class :**

**"A crate can have 50 bottles. 20 bottles are already in it. How many more bottles can be put into the crate ?"**

**This type of word problem belongs to which one of the following categories ?**

(1) Comparison

(2) Complementary addition

(3) Partition

(4) Reduction

निर्देश : सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**31. प्राय: देखा गया है कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षार्थियों को शाब्दिक प्रश्नों को समझने में कठिनाई होती है । इस समस्या का समाधान किया जा सकता है :**

(1) शाब्दिक प्रश्नों को मातृभाषा में भी प्रस्तुत करने से ।

(2) अभ्यास के लिए बहुत अधिक शाब्दिक प्रश्नों को देने से ।

(3) प्राथमिक स्तर पर गणित के पाठ्यक्रम से शाब्दिक प्रश्नों को निकाल देने से ।

(4) शिक्षार्थियों को शब्दों के अर्थ के लिए शब्दकोष का प्रयोग करने को कहकर ।

**32. कक्षा III के अध्यापक ने कक्षा को व्यवकलन पर निम्न शाब्दिक प्रश्न दिया :**

**"एक बक्से में 50 बोतलें आ सकती हैं । उसमें पहले से ही 20 बोतलें हैं । इस बक्से में कितनी बोतलें और रखी जा सकती हैं ?"**

**इस प्रकार का शाब्दिक प्रश्न निम्नलिखित में से कौन-सी श्रेणी से संबंधित है ?**

(1) तुलना

(2) योग की पूरकता

(3) विभाजन

(4) न्यूनीकरण

33. While working on fractions, a student of class V, does the question as follows :

$$\frac{2}{3}-\frac{1}{3}=\frac{1}{0}$$

As a teacher, which one of the following strategies would be most appropriate to follow ?

(1) explain the error by using a fraction kit or paper folding

(2) ask the student to do the same question 10 times so that he/she will not repeat the mistake

(3) tell the algorithm for subtraction of fractions

(4) give more questions for practice

34. Which one of the following is the best resource to compare the areas of two leaves in Class V ?

(1) Geo board

(2) Graph paper

(3) Scale

(4) Thread

33. कक्षा V के एक विद्यार्थी ने 'भिन्न' का एक प्रश्न निम्न प्रकार से हल किया :

$$\frac{2}{3}-\frac{1}{3}=\frac{1}{0}$$

अध्यापक होने के नाते आपके लिए निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति सर्वाधिक उपयुक्त होगी ?

(1) भिन्न की किट या कागज मोड़ने की प्रक्रिया द्वारा त्रुटि को समझाना ।

(2) विद्यार्थी को उसी प्रश्न को 10 बार करने के लिए कहना, जिससे कि वह त्रुटि की पुनरावृत्ति न करे ।

(3) भिन्नों के व्यवकलन की कलन-विधि (ऐल्गोरिथ्म) बताना ।

(4) अभ्यास के लिए कुछ और प्रश्न देना ।

34. कक्षा V में दो पत्तियों के क्षेत्रफल की तुलना करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा साधन सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) जियोबोर्ड

(2) आलेख (ग्राफ़) पेपर

(3) पैमाना (स्केल)

(4) धागा

35. Which one of the following is an important aspect of measurement of length ?

(1) Using non-standard measures

(2) Iteration

(3) Conservation of length

(4) Ability to use scale

36. It has been found that 'Games' help in understanding mathematical concepts at primary level, as 'Games' :

(1) break monotony in the class.

(2) help in class management.

(3) provide fun to the children.

(4) provide an opportunity for extension of concepts.

35. लम्बाई को मापने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू महत्त्वपूर्ण है ?

(1) अप्रामाणिक मापों का प्रयोग

(2) आवृत्ति

(3) लम्बाई का संरक्षण

(4) पैमाने के प्रयोग की क्षमता

36. यह पाया गया है कि प्राथमिक स्तर पर गणितीय संकल्पनाओं को समझने में 'खेल' सहायक होते हैं, क्योंकि, 'खेल' :

(1) कक्षा की नीरसता को भंग करते हैं ।

(2) कक्षा के प्रबंधन में सहायक होते हैं ।

(3) बच्चों को आमोद-प्रमोद उपलब्ध कराते हैं ।

(4) संकल्पनाओं के प्रसारण का अवसर उपलब्ध कराते हैं ।

37. A good Mathematics textbook at primary level should :

(1) have a lot of exercises for practice.

(2) have colourful illustrations.

(3) present a lot of worked out examples.

(4) relate Mathematical concepts to everyday life of the child.

37. प्राथमिक स्तर पर गणित की अच्छी पाठ्य-पुस्तक में :

(1) बहुत सारे प्रश्न अभ्यास के लिए दिये जाने चाहिए ।

(2) रंगीन चित्र होने चाहिए ।

(3) बहुत सारे उदाहरणों को हल के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

(4) बच्चे की दैनिक जीवन से गणितीय संकल्पनाओं को संबंधित किया जाना चाहिए ।

**38. A 7 year old boy recognises all four sided regular figures as squares. According to Van Hiele's, he is at which stage of Geometrical thinking ?**

(1) Level 4-Deduction

(2) Level 3-informal deduction

(3) Level 2-Analysis

(4) Level 1-Visualization

**38. एक 7 वर्षीय लड़का चार भुजाओं वाली नियमित आकृतियों को वर्ग के रूप में पहचानता है । वैन हिले के अनुसार, वह ज्यामितीय विचार की किस स्थिति में है ?**

(1) स्तर 4-निगमन

(2) स्तर 3-अनौपचारिक निगमन

(3) स्तर 2-विश्लेषण

(4) स्तर 1-मानसिक चित्रण

**39. The concept of 'zero' can be introduced best through which one of the following operations ?**

(1) Multiplication

(2) Division

(3) Addition

(4) Subtraction

**39. 'शून्य' की अवधारणा का परिचय किस संक्रिया के द्वारा उत्तम रूप से दिया जा सकता है ?**

(1) गुणन

(2) विभाजन

(3) योग

(4) व्यवकलन

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

40. **Which one of the following is not part of Mathematics curriculum at primary stage ?**

(1) Symmetry

(2) Decimals

(3) Data handling

(4) Ratio and Proportion

41. **Which one of the following is most appropriate to assess children's understanding of Mathematical concepts in Class I ?**

(1) Observation

(2) Written tests

(3) Oral test

(4) Work sheets

40. प्राथमिक स्तर पर निम्नलिखित में से कौन-सा गणित पाठ्यक्रम का भाग नहीं है ?

(1) सममिति

(2) दशमलव

(3) आँकड़ों का प्रबंधन

(4) अनुपात और समानुपात

41. कक्षा I के बच्चों में गणित संकल्पनाओं की समझ का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अति उत्तम है ?

(1) अवलोकन

(2) लिखित परीक्षा

(3) मौखिक परीक्षा

(4) कार्यपत्रक

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

42. If 1011 × 101 = 103000 − 7 × ______, then the number which comes in the blank space (______) is :

(1) 127

(2) 129

(3) 121

(4) 123

42. यदि 1011 × 101 = 103000 − 7 × ______ है, तो रिक्त स्थान (______) में संख्या होगी :

(1) 127

(2) 129

(3) 121

(4) 123

43. If (the place value of 6 in 16470) − (the place value of 6 in 7605) = 6 × ______, then the number which comes in blank space is :

(1) 800

(2) 900

(3) 600

(4) 700

43. यदि (16470 में 6 का स्थानीय मान) − (7605 में 6 का स्थानीय मान) = 6 × ______ है, तो रिक्त स्थान में संख्या है :

(1) 800

(2) 900

(3) 600

(4) 700

44. If the sum of common positive factors of 56 and 84 = 400 – 43 × ______, then the number which comes in blank space is :

(1) 6

(2) 8

(3) 2

(4) 3

44. यदि 56 और 84 के सार्व धनात्मक गुणनखंडों का योग = 400 – 43 × ______ है, तो रिक्त स्थान में संख्या होगी :

(1) 6

(2) 8

(3) 2

(4) 3

45. If the sum of remainders, obtained on dividing 32456 by 24 and 46951 by 83, is divided by 16, then the remainder will be :

(1) 4

(2) 8

(3) 0

(4) 1

45. यदि 32456 को 24 से भाग देने पर तथा 46951 को 83 से भाग देने पर प्राप्त शेषफलों के योग को 16 से भाग दिया जाए, तो शेषफल होगा :

(1) 4

(2) 8

(3) 0

(4) 1

46. (The smallest common multiple of 16, 24 and 36) ÷ (the largest common factor of 16, 24 and 36) is equal to :

(1) 36
(2) 48
(3) 16
(4) 24

47. Nishu has six and a half dozen chocolates. She gave $\frac{1}{6}$ of these to Ravi, $\frac{1}{13}$ of these to Rahul and one half of these to her other friends. The number of chocolates left with her is :

(1) 27
(2) 32
(3) 20
(4) 26

48. If 15 ones + 15 thousands + _____ tens = 16165, then the number in the blank space is :

(1) 65
(2) 115
(3) 15
(4) 30

46. (16, 24 और 36 का सबसे छोटा सार्वगुणज) ÷ (16, 24 और 36 का सबसे बड़ा सार्व गुणनखंड) बराबर है :

(1) 36
(2) 48
(3) 16
(4) 24

47. नीशू के पास साढ़े छह दर्जन चॉकलेट हैं । इनका $\frac{1}{6}$ भाग उसने रवि को, इनका $\frac{1}{13}$ भाग राहुल को और इनका आधा भाग अपने मित्रों को दे दिया । उसके पास बची चॉकलेटों की संख्या है :

(1) 27
(2) 32
(3) 20
(4) 26

48. यदि 15 इकाई + 15 हज़ार + _____ दहाई = 16165 है, तो रिक्त स्थान में संख्या है :

(1) 65
(2) 115
(3) 15
(4) 30

49. A drum contains 174 litres and 400 millilitres of oil. This oil is filled into 32 containers each of equal size. How much is the oil in 18 such containers ?

(1) 99.5 litres

(2) 99.8 litres

(3) 96.3 litres

(4) 98.1 litres

49. किसी ड्रम में 174 लिटर और 400 मिलीलिटर तेल है । इस तेल को एक ही साइज़ के 32 बर्तनों में भरा जाता है । ऐसे 18 बर्तनों में कुल कितना तेल होगा ?

(1) 99.5 लिटर

(2) 99.8 लिटर

(3) 96.3 लिटर

(4) 98.1 लिटर

50. On a map, a length of $\frac{3}{4}$ centimetre represents a distance of 240 km on the ground. What length on the map will represent a distance of two cities which are 1120 km apart on the ground ?

(1) 6 centimetres

(2) 8 centimetres

(3) Three and a half centimetres

(4) Four and a half centimetres

50. किसी मानचित्र पर $\frac{3}{4}$ सेंटीमीटर की लंबाई, भूमि पर 240 किलोमीटर की दूरी को निरूपित करती है । यदि भूमि पर दो नगर 1120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हों, तो इस मानचित्र पर उनकी दूरी क्या होगी ?

(1) 6 सेंटीमीटर

(2) 8 सेंटीमीटर

(3) साढ़े तीन सेंटीमीटर

(4) साढ़े चार सेंटीमीटर

51. Which one of the following is <u>not</u> correct ?

(1) One gram is one-hundredth of one kilogram.

(2) One millimetre is one-tenth of one centimetre.

(3) One lakh is equal to a hundred thousand.

(4) One hundredth of a crore is equal to one lakh.

51. निम्न में से कौन-सा कथन सही <u>नहीं</u> है ?

(1) एक ग्राम एक किलोग्राम का एक शतांश है ।

(2) एक मिलीमीटर एक सेंटीमीटर का एक दशांश है ।

(3) एक लाख बराबर है एक सौ हजार के ।

(4) एक करोड़ का शतांश बराबर है एक लाख के ।

52. **The internal length and breadth of a cuboidal store are 16 m and 13 m respectively and its height is 11 m. There is another cubical store whose internal length, breadth and height are 8 m each. How many total cubical boxes each of side one metre can be placed in these two stores to a height of 7 metres ?**

(1) 2288

(2) 2800

(3) 1904

(4) 1968

52. **किसी घनाभाकार स्टोर की आंतरिक लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 16 मीटर और 13 मीटर हैं तथा इसकी ऊँचाई 11 मीटर है । एक अन्य घनाकार स्टोर है जिसकी आंतरिक लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई प्रत्येक 8 मीटर है । एक मीटर भुजा वाले कुल कितने घनाकार बक्से इन दोनों स्टोरों में 7 मीटर ऊँचाई तक रखे जा सकते हैं ?**

(1) 2288

(2) 2800

(3) 1904

(4) 1968

53. There are two pieces of wire each of length 272 cm. Using one piece, a square is formed and using the other piece, a rectangle is formed. If the side of the square is 18 cm more than the width of the rectangle, then the difference in their areas (in square cm) is :

(1) 254

(2) 272

(3) 224

(4) 324

54. Which one of the following is true ?

(1) The number of seconds in 6 hours is equal to the number of minutes in 12 days.

(2) The number of minutes in 15 days is equal to the number of seconds in 8 hours.

(3) The number of minutes in 10 days is equal to the number of seconds in 6 days.

(4) The number of seconds in 2 hours is equal to the number of minutes in 5 days.

53. तार के दो टुकड़े हैं और प्रत्येक की लंबाई 272 सेमी है । एक टुकड़े से एक वर्ग बनाया जाता है तथा दूसरे से एक आयत बनाई जाती है । यदि वर्ग की भुजा आयत की चौड़ाई से 18 सेमी अधिक है, तो इनके क्षेत्रफलों का अंतर (वर्ग सेमी में) है :

(1) 254

(2) 272

(3) 224

(4) 324

54. निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(1) 6 घंटों में सेकंडों की संख्या 12 दिनों में मिनटों की संख्या के बराबर है ।

(2) 15 दिनों में मिनटों की संख्या 8 घंटों में सेकंडों की संख्या के बराबर है ।

(3) 10 दिनों में मिनटों की संख्या 6 दिनों में सेकंडों की संख्या के बराबर है ।

(4) 2 घंटों में सेकंडों की संख्या 5 दिनों में मिनटों की संख्या के बराबर है ।

55. When fresh fish is dried it loses two-thirds of its weight. Reshma buys 963 kg of fresh fish at the rate of ₹ 25 per kg. She sells them, when dried, at ₹ 108.5 per kg. She earns a profit of :

(1) ₹ 34828

(2) ₹ 45582

(3) ₹ 10111.5

(4) ₹ 10753.5

56. John travelled a distance by a train for one hour 20 minutes at the speed of 60 km per hour, then by a bus for 54 minutes at the speed of 50 km per hour and then by a boat for one hour 36 minutes at the speed of 15 km per hour. Total distance travelled by him was :

(1) 149 km

(2) 154 km

(3) 104 km

(4) 125 km

55. जब ताजा मछलियों को सुखाया जाता है, तो उनका दो-तिहाई भार कम हो जाता है । रेशमा 963 किग्रा मछली ₹ 25 प्रति किग्रा की दर से खरीदती है । उन मछलियों को सुखाकर वह ₹ 108.5 प्रति किग्रा बेच देती है । उसको कुल लाभ होता है :

(1) ₹ 34828

(2) ₹ 45582

(3) ₹ 10111.5

(4) ₹ 10753.5

56. जॉन ने एक दूरी रेलगाड़ी द्वारा 60 किमी प्रति घंटा की चाल से एक घंटा 20 मिनट में तय की, एक दूरी बस द्वारा 50 किमी प्रति घंटा की चाल से 54 मिनट में तथा एक दूरी नाव द्वारा 15 किमी प्रति घंटा की चाल से एक घंटा 36 मिनट में तय की । उसके द्वारा तय की कुल दूरी थी :

(1) 149 किमी

(2) 154 किमी

(3) 104 किमी

(4) 125 किमी

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

57. A teacher is engaging learners on topic, 'Numbers' in class I. Which one of the following is most appropriate approach to be followed by the teacher ?

(1) Numerals should be introduced before counting.

(2) Learners should first practise writing numerals.

(3) Numerals should be introduced along with number names.

(4) Numerals should be introduced only after the learners have experience with counting.

57. एक अध्यापक कक्षा I के शिक्षार्थियों को 'संख्या' विषय का ज्ञान दे रहा है। अध्यापक द्वारा निम्नलिखित में से किस उपागम का अनुसरण करना सबसे अधिक उपयुक्त है ?

(1) अंकों का परिचय गणना से पहले दिया जाना चाहिए।

(2) शिक्षार्थियों को पहले अंक लिखने का अभ्यास करना चाहिए।

(3) अंकों का संख्याओं के नाम के साथ परिचय दिया जाना चाहिए।

(4) अंकों का परिचय तभी दिया जाना चाहिए, जब शिक्षार्थियों को गणना का अनुभव हो गया हो।

58. Which one of the following is an aspect of "number sense" ?

(1) Skip counting

(2) One-to-one correspondence

(3) Writing numerals

(4) Seriation

58. निम्नलिखित में से कौन-सा "संख्या बोध" का एक पहलू है ?

(1) छोड़-छोड़ कर गणना करना

(2) एकैकी संगति

(3) अंक लिखना

(4) पंक्तिबद्धता

59. Which one of the following is most suitable to explain '$1 \div \frac{1}{2} = 2$' to students of class IV ?

(1) Using beads and strings

(2) Using a geoboard

(3) Using paper folding

(4) Explaining algorithm

59. कक्षा IV के छात्रों को '$1 \div \frac{1}{2} = 2$' समझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अधिक उपयुक्त है ?

(1) मनकों और डोरी का प्रयोग करना ।

(2) जियोबोर्ड का प्रयोग करना ।

(3) कागज को मोड़कर समझाना ।

(4) कलन-विधि समझाना ।

60. A Class II student reads 203 as twenty three. As a teacher, which one of the following activities would you do so that the student realises her error ?

(1) Writing Numbers in Numeral form

(2) Drill and practise worksheets

(3) Using beads and strings

(4) Reading Number Chart

60. कक्षा II की एक शिक्षार्थी 203 को तेईस पढ़ती है। एक अध्यापक होने के नाते आप निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप करेंगे, ताकि उसे अपनी गलती का बोध हो जाए ?

(1) संख्याओं को संख्यात्मक रूप में लिखना ।

(2) कार्यपत्रकों द्वारा ड्रिल और अभ्यास कराना ।

(3) मनकों और डोरी का प्रयोग ।

(4) संख्या-चार्ट को पढ़ना ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

PART – III

# ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

***Directions :** Answer the following questions by selecting the most appropriate options.*

**61. Read the following question carefully :**
**How are the monkeys that dance to entertain people, different from the monkeys that are free ?**
**What is being assessed through this item ?**

(1) Experimentation
(2) Co-operation
(3) Observation
(4) Discussion

**62. A teacher, maintains record of a child's progress on a day-to-day basis and also keeps the observational narrative records of significant incidents in his life. The above activity is used as a/an :**

(1) Rating scale
(2) Checklist
(3) Portfolio
(4) Anecdotal record

**63. Which one of the following questions on 'birds and their beaks' would best give the child an opportunity to argue and analyse ?**

(1) Why do birds have differently shaped beaks ?
(2) Name a bird and describe its beak and explain how the shape of its beak is related to its food habit.
(3) The beak of a bird is long, straight and pointed with sharp edges. What kind of food would it eat ?
(4) Describe the beak of a parrot.

*निर्देश : सबसे उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**61. निम्नलिखित प्रश्न को ध्यान से पढ़िए :**
**लोगों का मनोरंजन करने के लिए नाचने वाले बंदर स्वतंत्र बंदरों से किस प्रकार भिन्न हैं ?**
**इस प्रश्न के माध्यम से क्या आकलन किया जा रहा है ?**

(1) प्रयोगात्मकता
(2) सहयोग
(3) अवलोकन
(4) परिचर्चा

**62. एक शिक्षक प्रतिदिन बच्चे के सीखने की प्रगति का ब्यौरा रखता है और उसके जीवन में घटित महत्त्वपूर्ण घटनाओं का वर्णनात्मक अभिलेख भी प्रस्तुत करता है । उपर्युक्त विवरण का उपयोग होता है :**

(1) क्रम निर्धारण मापनी के लिए
(2) जाँच सूची के लिए
(3) पोर्टफोलियो के लिए
(4) उपाख्यानात्मक अभिलेख के लिए

**63. 'पक्षी और उनकी चोंच' पर आधारित निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न बच्चों को तर्क देने और विश्लेषण करने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ है ?**

(1) पक्षियों की चोंच के आकार में भिन्नता क्यों होती है ?
(2) एक पक्षी का नाम लिखिए, उसकी चोंच का वर्णन कीजिए और स्पष्ट कीजिए कि उसकी चोंच का आकार उसकी खाने की आदतों से किस प्रकार जुड़ा है ।
(3) एक पक्षी की चोंच लंबी, सीधी और नोंकदार है जिसके किनारे तीखे हैं । वह किस प्रकार का भोजन करेगा ?
(4) तोते की चोंच का वर्णन कीजिए ।

64. A class V teacher provides her students with a Neem leaf and a Mango leaf and asks them to state in which way they are similar to and different from each other. Which one of the following process skills will be used in answering this question ?

(1) Hypothesizing

(2) Predicting

(3) Observing

(4) Measuring

65. Meeta always asks her students some open-ended questions in an EVS class. Her <u>main</u> objective could be developing students' :

(1) convergent thinking.

(2) listening skills.

(3) creative thinking.

(4) speaking skills.

66. The present syllabus of Environmental Studies is woven around some common themes. Which one of the following is not included in the list of themes ?

(1) Water

(2) Air

(3) Food

(4) Shelter

64. कक्षा V की शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को नीम की पत्तियाँ और आम की पत्तियाँ उपलब्ध कराती है तथा उन्हें यह बताने के लिए कहती है कि ये किस तरीके से समान हैं और किस तरीके से परस्पर भिन्न हैं । इस सवाल का जवाब देने में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रमण कौशल इस्तेमाल होगा ?

(1) परिकल्पना करना

(2) अनुमान लगाना

(3) अवलोकन करनां

(4) मापना

65. मीता हमेशा पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अपने शिक्षार्थियों से मुक्त अंत वाले प्रश्न पूछती है । उसका मुख्य उद्देश्य हो सकता है शिक्षार्थियों के _____ का विकास करना ।

(1) अभिसारी चिन्तन

(2) सुनने संबंधी कौशल

(3) सृजनात्मक चिन्तन

(4) बोलने संबंधी कौशल

66. पर्यावरण अध्ययन का वर्तमान पाठ्यक्रम कुछ सामान्य विषयों के आधार पर बुना गया है । निम्नलिखित में से कौन-सा इसमें सम्मिलित नहीं है ?

(1) पानी

(2) वायु

(3) भोजन

(4) आवास

67. **Which one of the following statements on EVS is in accordance with NCF-2005 ?**

(1) EVS to be taught as EVS (Science) and EVS (Social Science) in classes I to V

(2) EVS to be taught as EVS (Science) and EVS (Social Science) in classes I and II but as a composite area of study in classes III to V

(3) EVS to be taught as a composite area of study in classes I to V

(4) EVS to be taught as a composite area of study in classes I and II but as EVS (Science) and EVS (Social Science) in classes III to V

68. **A teacher organizes a group discussion on the topic, "Saving Water" in class V. The purpose of organizing this discussion is :**

**(A) to give an opportunity to all students to speak.**

**(B) to develop multiple perspectives.**

**(C) to manage the class-room effectively.**

**(D) to judge the students.**

**Which one of the following is correct ?**

(1) (A) only

(2) (A) and (D)

(3) (C) and (D) only

(4) (A) & (B)

69. **'Observation' and 'Recording' are indicators of assessment. Which one of the following is the least appropriate way for assessment of these skills ?**

(1) organizing a survey of the community.

(2) conducting a paper-pencil test.

(3) conducting activities in class-room

(4) planning field visit to a nearby park.

67. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पर्यावरण अध्ययन पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2005 के अनुरूप है ?

(1) पर्यावरण अध्ययन को कक्षा I से V में पर्यावरण अध्ययन (विज्ञान) और पर्यावरण अध्ययन (सामाजिक विज्ञान) के रूप में पढ़ाया जाए ।

(2) पर्यावरण अध्ययन को कक्षा I और II में पर्यावरण अध्ययन (विज्ञान) और पर्यावरण अध्ययन (सामाजिक विज्ञान) के रूप में लेकिन कक्षा III से V में एक समग्र अध्ययन के रूप में पढ़ाया जाए ।

(3) पर्यावरण अध्ययन को कक्षा I से V में एक समग्र अध्ययन क्षेत्र के रूप में पढ़ाया जाए ।

(4) पर्यावरण अध्ययन को कक्षा I और II में एक समग्र अध्ययन क्षेत्र के रूप में लेकिन कक्षा III से V में पर्यावरण अध्ययन (विज्ञान) और पर्यावरण अध्ययन (सामाजिक विज्ञान) के रूप में पढ़ाया जाए ।

68. **एक शिक्षक कक्षा 'V' में जल संरक्षण पर समूह-चर्चा का आयोजन करता है । इस समूह-चर्चा को आयोजित करने का उद्देश्य है :**

**(A) सभी शिक्षार्थियों को बोलने का अवसर प्रदान करना ।**

**(B) बहु-परिप्रेक्ष्य का विकास करना ।**

**(C) प्रभावशाली तरीके से कक्षा-प्रबंधन करना ।**

**(D) शिक्षार्थियों को जाँचना ।**

**निम्नलिखित में से क्या सही है ?**

(1) केवल (A)

(2) (A) तथा (D)

(3) केवल (C) तथा (D)

(4) (A) तथा (B)

69. **'अवलोकन' तथा 'अभिलेखन' (रिकॉर्डिंग) आकलन के संकेतक हैं । निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका इन्हें आकलित करने के लिए सबसे कम उपयुक्त है ?**

(1) समुदाय का सर्वेक्षण आयोजित करना ।

(2) कागज-पेन्सिल परीक्षा आयोजित करना ।

(3) कक्षा में गतिविधियों का संचालन ।

(4) समीप के पार्क में क्षेत्र भ्रमण की योजना बनाना ।

70. A class V teacher and her students each grew a rajma plant in their respective plots. Every two days they checked its length and noted it. After 3 weeks, all of them depicted their results through graphs. The process skills being emphasised in this tasks are :

(1) Hypothesising and Inferring
(2) Predicting and Inferring
(3) Calculating and Predicting
(4) Measuring and Communicating

71. Which one of the following will be effective for transacting the concept in class 5 ?

"Some materials float and others sink in water."

(1) Through observation and discussion
(2) Through observation, experimentation and inferencing.
(3) Through survey
(4) Through observation

72. Which one of the following cannot be an indicator for assessment of EVS at Primary Level ?

(1) Analysis
(2) Co-operation
(3) Concern for justice
(4) Retention

70. पाँचवीं कक्षा की शिक्षिका तथा उसके शिक्षार्थियों ने अपनी-अपनी क्यारी में एक राजमा का पौधा उगाया । हर दो दिन के पश्चात् वे उसकी लम्वाई जाँचते तथा लिखते । 3 सप्ताह के पश्चात् उन सभी ने अपने परिणामों को ग्राफ़ के माध्यम से दर्शाया ।

इस कार्य में जिन प्रक्रमण कौशलों पर वल दिया गया है, वे हैं :

(1) परिकल्पना तथा अनुमान लगाना
(2) भविष्यवाणी करना तथा अनुमान लगाना
(3) गणना करना तथा अनुमान लगाना
(4) नापना तथा सम्प्रेषित करना

71. "कुछ वस्तुएँ पानी में तैरती हैं एवं अन्य वस्तुएँ पानी में डूब जाती हैं", – यह अवधारणा कक्षा 5 में निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रभावशाली तरीके से संपादित होगी ?

(1) प्रेक्षण और चर्चा के द्वारा
(2) प्रेक्षण, प्रयोग और निष्कर्ष निकालने के द्वारा
(3) सर्वेक्षण के द्वारा
(4) प्रेक्षण के द्वारा

72. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के आकलन का संकेतक नहीं हो सकता ?

(1) विश्लेषण
(2) सहयोग
(3) न्याय के लिए सरोकार
(4) संधारण

73. Which one of the following is most important for a mountaineer to carry ?

(1) Sleeping bag

(2) Oxygen kit

(3) Blanket

(4) Torch

74. Which one of the following States / Union Territories has a coast on the Bay of Bengal ?

(1) Goa

(2) Gujarat

(3) Puducherry

(4) Kerala

75. An example of a plant / tree whose seeds travel from one place to another by water is :

(1) wheat

(2) dates

(3) apple

(4) coconut

73. एक पर्वतारोही को अपने साथ ले जाने के लिए निम्नलिखित में से क्या सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(1) स्लीपिंग बैग

(2) ऑक्सीजन किट

(3) कम्बल

(4) टॉर्च

74. निम्नलिखित में से किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश का समुद्र तट बंगाल की खाड़ी पर है ?

(1) गोवा

(2) गुजरात

(3) पुदुचेरी

(4) केरल

75. पादप/पेड़ का एक उदाहरण जिसके बीज पानी के द्वारा यात्रा करके एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते हैं :

(1) गेहूँ

(2) खजूर

(3) सेब

(4) नारियल

76. **Which one of the following statements is true about Suneeta Williams ?**

(1) She is the second woman astronaut of Indian origin.

(2) She is the second astronaut of Indian origin.

(3) She is the first woman astronaut.

(4) She is the first woman astronaut of Indian origin.

77. **'Kahwa' is a special type of tea/ beverage. It is popular in :**

(1) Kashmir

(2) Karnataka

(3) Assam

(4) West Bengal

78. **In an area villagers make their houses having very thick walls that are plastered with mud. The roofs of the houses are made of thorny bushes. In this area rain is very scarce and it is very hot too. This area must be in :**

(1) Jharkhand

(2) Rajasthan

(3) Uttar Pradesh

(4) Bihar

76. **सुनीता विलियम्स के संबंध में निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही है ?**

(1) वह भारतीय मूल की दूसरी महिला अन्तरिक्ष यात्री हैं ।

(2) वह भारतीय मूल की दूसरी अन्तरिक्ष यात्री हैं ।

(3) वह प्रथम महिला अन्तरिक्ष यात्री हैं ।

(4) वह भारतीय मूल की प्रथम महिला अन्तरिक्ष यात्री हैं ।

77. **'कहवा' एक विशेष प्रकार की चाय/पेय पदार्थ है । यह किस राज्य में लोकप्रिय है ?**

(1) कश्मीर

(2) कर्नाटक

(3) असम

(4) पश्चिम बंगाल

78. **किसी क्षेत्र में गाँवों के लोग अपने घर मोटी दीवारों के बनाते हैं और इन दीवारों को मिट्टी से लीपते-पोतते भी हैं । इन घरों की छतों को कँटीली झाड़ियों से बनाते हैं । इस क्षेत्र में वर्षा बहुत कम होती है तथा गर्मी खूब पड़ती है । यह क्षेत्र किस राज्य में होना चाहिए ?**

(1) झारखण्ड

(2) राजस्थान

(3) उत्तरप्रदेश

(4) बिहार

79. Sweet potato is a root because :

(A) it is brown in colour.

(B) it grows under the soil/ underground.

(C) it has fibre like structures to absorb water and minerals.

(D) it stores food.

Which one of the following is correct ?

(1) (B) and (C)

(2) (C) only

(3) (B) and (D)

(4) (A) and (B)

79. शकरकन्दी जड़ है क्योंकि :

(A) यह भूरे रंग की होती है ।

(B) यह जमीन के नीचे उगती है ।

(C) इसमें रेशे की भाँति ढाँचा है जो जल तथा खनिज लवण सोख लेता है ।

(D) यह भोजन का भण्डारण करती है ।

निम्नलिखित में से क्या सही है ?

(1) (B) तथा (C)

(2) केवल (C)

(3) (B) तथा (D)

(4) (A) तथा (B)

80. Every beehive has one queen bee, a few male bees and many worker bees. Which of the following statement/ statements is/are true ?

(i) Worker bees fly around in search of nectar.

(ii) Male bees do not have any work to do.

(iii) The queen bee lays eggs.

(iv) Worker bees are female only.

(1) (i), (ii) and (iii)

(2) (i), (ii), (iii) and (iv)

(3) Only (i)

(4) (i) and (ii)

80. प्रत्येक मधुमक्खी के छत्ते में एक रानी मधुमक्खी, कुछ नर मधुमक्खियाँ तथा बहुत सी श्रमिक मधुमक्खियाँ होती हैं । निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(i) श्रमिक मधुमक्खियाँ फूलों के रस की खोज में चारों ओर उड़ती हैं ।

(ii) नर मधुमक्खियों के पास कोई कार्य नहीं होता है ।

(iii) रानी मधुमक्खी अंडे देती है ।

(iv) श्रमिक मधुमक्खियाँ केवल मादा ही होती हैं ।

(1) (i), (ii) तथा (iii)

(2) (i), (ii), (iii) तथा (iv)

(3) केवल (i)

(4) (i) तथा (ii)

81. In which one of the following states is Tapioca grown ?

(1) Meghalaya

(2) Punjab

(3) Assam

(4) Kerala

81. किस राज्य में कसावा (टैपियोका) उगाया जाता है ?

(1) मेघालय

(2) पंजाब

(3) असम

(4) केरल

82. Which one of the following can find its female partner many kilometres away just by her smell ?

(1) Silk-worm

(2) Tiger

(3) Vulture

(4) Hawk

83. Rashid took out his pair of spectacles and blew two-three times on it. The glass of the spectacles became hazy. The reason could be :

(1) Water from his mouth formed a film on the glass of his spectacles.

(2) The hot air from his mouth evaporated to form a water film on the glass of his spectacles.

(3) The hot air from his mouth condensed to form tiny droplets on the glass of his spectacles.

(4) The cold air from his mouth condensed to form tiny droplets on the glass of his spectacles.

84. The neighbouring states of Gujarat are :

(1) Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttar Pradesh

(2) Maharashtra, Rajasthan and Chhattisgarh

(3) Bihar, Rajasthan and Madhya Pradesh

(4) Rajasthan, Madhya Pradesh and Maharashtra

82. निम्नलिखित में से कौन अपनी मादा साथी को केवल उसकी गंध से कई किलोमीटर दूर से ही पहचान सकता है ?

(1) रेशम का कीड़ा

(2) बाघ

(3) गिद्ध

(4) बाज़

83. राशिद अपना चश्मा निकालकर दो-तीन बार उस पर फूँक मारता है । इससे चश्मे के काँच धुँधले हो जाते हैं । इसका कारण हो सकता है :

(1) उसके मुँह से निकला पानी उसके चश्मे के काँच पर एक परत बना देता है ।

(2) उसके मुँह से निकली गर्म हवा वाष्पित होकर चश्मे के काँच पर पानी की एक परत बना देती है ।

(3) उसके मुँह से निकली गर्म हवा संघनित होकर चश्मे के काँच पर छोटी-छोटी बूँदें बना देती है ।

(4) उसके मुँह से निकली ठण्डी हवा संघनित होकर चश्मे के काँच पर छोटी-छोटी बूँदें बना देती है ।

84. गुजरात के सीमावर्ती राज्य हैं :

(1) मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश

(2) महाराष्ट्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़

(3) बिहार, राजस्थान और मध्य प्रदेश

(4) राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र

85. **'Madhubani' is a traditional art form named after a village in the state of :**

(1) Maharashtra

(2) West Bengal

(3) Orissa

(4) Bihar

86. **Which one of the following is a correct statement ?**

(1) Malaria is caused when a female mosquito which has bitten a malaria patient, bites another person.

(2) Malaria is caused by a mosquito bite at night time.

(3) Malaria is caused by a mosquito bite.

(4) Malaria is caused by a female mosquito bite.

87. **Rina stays in Delhi. She wants to visit her aunt in Gwalior. In which direction should she travel ?**

(1) East

(2) West

(3) South

(4) North

85. **'मधुबनी' एक पारंपरिक कला का प्रकार है, जिसका नाम एक गाँव के नाम पर पड़ा है, जो ________ राज्य में है ।**

(1) महाराष्ट्र

(2) पश्चिम बंगाल

(3) उड़ीसा

(4) बिहार

86. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?**

(1) मलेरिया तब होता है, जब मादा मच्छर किसी मलेरिया के रोगी को काटने के पश्चात् अन्य व्यक्ति को काटती है ।

(2) रात के समय मच्छरों द्वारा काटने के कारण मलेरिया होता है ।

(3) मलेरिया मच्छर द्वारा काटने के कारण होता है ।

(4) मलेरिया मादा मच्छर द्वारा काटने के कारण होता है ।

87. **रीना दिल्ली में रहती है । वह ग्वालियर में अपनी मामी के पास घूमने जाना चाहती है । उसे किस दिशा में यात्रा करनी चाहिए ?**

(1) पूर्व

(2) पश्चिम

(3) दक्षिण

(4) उत्तर

88. Which one of the following is the <u>least</u> appropriate objective of Environmental Studies ?

(1) to develop awareness of environmental issues.

(2) to create curiosity about socio-cultural environment

(3) to provide maximum opportunity to a child for acquiring skills of recall and memorization.

(4) to create cognitive capacity in learners.

89. **Stories and narratives are used in EVS textbooks because :**

**(A) they sensitise children.**

**(B) children can probably empathise with characters.**

**(C) it is the easiest way to learn EVS.**

**(D) they are free from gender and cultural bias.**

**Which one of the following is correct ?**

(1) (D) only

(2) (C) and (A)

(3) (A) and (B)

(4) (B) only

90. **Which one of the following statements about assessment procedures is <u>least</u> appropriate ?**

(1) Self-assessment helps children understand the basis of assessment.

(2) Students can be assessed individually or in groups.

(3) Assessment is not meant to compare and rank children.

(4) Assessment should be carried out at the end of a term.

88. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरण अध्ययन का <u>सबसे कम</u> महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है ?

(1) पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता का विकास करना ।

(2) समाज-सांस्कृतिक परिवेश के बारे में जिज्ञासा पैदा करना ।

(3) प्रत्यास्मरण और याद करने के कौशलों को अर्जित करने के लिए बच्चों को अधिकतम अवसर उपलब्ध कराना ।

(4) शिक्षार्थियों में संज्ञानात्मक संवर्धन करना ।

89. **पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तकों में किस्से-कहानियों का एक साधन के रूप में उपयोग किया जाता है, क्योंकि :**

**(A) यह बच्चे को संवेदनशील बनाता है ।**

**(B) इनके द्वारा बच्चे पात्रों के साथ अपने आपको जोड़ सकते हैं ।**

**(C) पर्यावरण अध्ययन सीखने में किसी अन्य तरीके की अपेक्षा यह सबसे आसान तरीका है ।**

**(D) वे लिंग और संस्कृति के पूर्वाग्रहों से मुक्त होते हैं ।**

**निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

(1) केवल (D)

(2) (C) और (A)

(3) (A) और (B)

(4) केवल (B)

90. **आकलन प्रक्रियाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन <u>सबसे कम</u> उपयुक्त है ?**

(1) आकलन के आधार को समझने में स्व-आकलन बच्चों की मदद करता है ।

(2) बच्चों का आकलन वैयक्तिक रूप से अथवा सामूहिक रूप से किया जा सकता है ।

(3) आकलन बच्चों की तुलना करने और उन्हें क्रम (रैंक) देने के लिए नहीं है ।

(4) आकलन सत्र के अंत में किया जाना चाहिए ।

# PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120)**, if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **91-99**) by selecting the **most appropriate** options :

1. June came and the hay was almost ready for cutting. On Midsummer's Eve, which was a Saturday, Mr. Jones went into Willington and got so drunk at the Red Lion that he did not come back till midday on Sunday. The men had milked the cows early in the morning and then had gone out rabbiting, without bothering to feed the animals. When Mr. Jones got back he immediately went to sleep on the drawing-room sofa with the News of the World over his face, so that when evening came the animals were still unfed. At last they could stand it no longer. One of the cows broke in the door of the store-shed with her horn and all the animals began to help themselves from the bins.

2. It was just then that Mr. Jones woke up. The next moment he and his four men were in the store-shed with whips in their hands, lashing out in all directions. This was more than the hungry animals could bear. With one accord, though nothing of the kind had been planned before, they flung themselves upon their tormentors. Jones and his men suddenly found themselves being butted and kicked from all sides. The situation was quite out of their control. They had never seen animals behave like this before, and this sudden uprising of creatures frightened them out of their wits. They gave up trying to defend themselves and took to their heels. Soon all five of them were in full flight down the cart-track that led to the main road with the animals pursuing them in triumph.

3. Mrs. Jones looked out of the bedroom window, saw what was happening, hurriedly flung a few possessions into a carpet bag, and slipped out of the farm by another way. Meanwhile the animals had chased Jones and his men out into the road and slammed the five-barred gate behind them. So, almost before they knew what was happening, Jones was expelled and the Manor farm was theirs.

**91. 'The men had milked the cows.'**
**'Tense' in the above sentence has been correctly changed into 'present perfect' in :**

(1) The men are milking the cows.
(2) The men will have milked the cows.
(3) The men milked the cows.
(4) The men have milked the cows.

**92. In which one of the following sentences has the 'question tag' been correctly used ?**

(1) They gave up trying to defend themselves, couldn't they ?
(2) They gave up trying to defend themselves, didn't they ?
(3) They gave up trying to defend themselves, haven't they ?
(4) They gave up trying to defend themselves, aren't they ?

93. **The word 'flung' means the same as :**

(1) covered

(2) attacked

(3) threw

(4) hit

94. **Jones' men didn't bother to feed the animals because :**

(1) their master had gone to Willington.

(2) each thought the other would feed them.

(3) they were angry with their master.

(4) they just forgot to do the job assigned to them.

95. **After one of the cows had broken in the door of the store-shed, the hungry animals :**

(1) began kicking Jones' men.

(2) started damaging things.

(3) ran out of the shed.

(4) started eating the fodder in the bins.

96. **When Jones and his men started lashing out at the animals, they (the animals) :**

(1) started bellowing agonisingly.

(2) started kicking and butting their tormentors.

(3) felt terrified.

(4) ran out of the farm house.

97. **For the readers the scene described in Para-2 is highly :**

(1) comic

(2) intriguing

(3) pathetic

(4) outrageous

98. **The fierce attack launched by the animals shows that :**

(1) animals are thinking beings.

(2) injustice leads to rebellion.

(3) anger is a destructive emotion.

(4) animal behaviour is unpredictable.

99. **The word/words which is/are similar in meaning to 'immediately' is/are :**

(1) slowly

(2) usually

(3) at once

(4) tardily

**Directions :** Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100-105) by selecting the **most appropriate** options :

Hail to thee, blithe Spirit !
Bird thou never wert,
That from heaven or near it,
poured thy full heart
In profuse strains of unpremeditated art.

Higher still and higher
From the earth thou springest
Like a cloud of fire ;
The deep blue thou wingest,
And singing still dost soar, and soaring ever singest.

**100. The birds' flight is distinguished by its :**

(1) loftiness

(2) jerky motion

(3) slow motion

(4) speed

**101. The figure of speech used in lines 8-9 is :**

(1) a synecdoche

(2) alliteration

(3) a simile

(4) a metaphor

**102. The literary device used in 'And singing still dost soar, and soaring ever singest.' is :**

(1) a metaphor

(2) a simile

(3) alliteration

(4) a metonymy

**103. The poet calls the bird a 'blithe spirit' because :**

(1) it is a bird of paradise.

(2) it is the most beautiful bird.

(3) it soars higher and higher in the sky.

(4) it represents a cheerful spirit.

**104. The bird's song seems to come from :**

(1) near the seas

(2) heaven

(3) a tree

(4) a mountain peak

**105. The expression 'unpremeditated art' means art which is :**

(1) natural

(2) heavenly

(3) effortless

(4) spontaneous

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**106. Which one of the following is true of learning to write the letters of English alphabet ?**

(1) Start with a, b, c, d (lower case).

(2) Start with slanting and standing lines and then move to curves.

(3) Start with A, B, C, D (upper case).

(4) Start with strokes.

**107. A child at school pronounces the word 'polish' as 'polis'. Which one of following is the most likely reason for this ?**

(1) The child belongs to a rural area.

(2) The child does not know how to distinguish between the /sh/ and /s/ sounds.

(3) The child has a stammering problem.

(4) The child speaks in a dialect.

**108. Which one of the following is most important in learning a language ?**

(1) Language rich environment

(2) Language class in a school

(3) Textbook

(4) Language lab

**109. Which one of the following is true regarding language learning ?**

(1) Language skills should be learnt as per the language level of students.

(2) Language skills hinder language learning.

(3) Language skills are interrelated with one another.

(4) Language skills are not interrelated with one another.

**110. While teaching in an inclusive classroom, a language teacher should :**

(1) support them in the learning process keeping in mind the flexible curriculum.

(2) ask talented students to handle them.

(3) ignore students with special needs.

(4) recommend to the Principal to place them in special schools.

**111. Which one of the following is <u>least</u> important in using mother tongue as the medium of instruction in school at primary level ?**

(1) Mother tongue yields better learning outcomes.

(2) Transition from mother tongue to school language can't be ensured.

(3) Mother tongue will facilitate better classroom transaction.

(4) Mother tongue ensures greater participation of learners.

112. Which one of the following methods does not promote the use of mother tongue while teaching English ?

(1) Audio Lingual method

(2) Communicative Language Teaching (CLT) method

(3) Grammar Translation method

(4) Direct method

113. **Communicative Competence is the ability to :**

(1) use language in different situations.

(2) use good pronunciation.

(3) use language fluently.

(4) use grammatically correct English.

114. **Phonological awareness refers to the ability to :**

(1) write coherently.

(2) grasp the sound structure.

(3) speak fluently and accurately.

(4) master the rules of grammar.

115. **Phonemes are units of :**

(1) sounds of a language

(2) vowels in a language

(3) alphabet of a language

(4) grammar of a language

116. **Mr. Srinivasan's child is two-years old. She scribbles on the wall and attempts to draw. What can this activity be called ?**

(1) Literacy

(2) Emergent literacy

(3) Free writing

(4) Thinking to develop writing

117. **Listening to stories from children helps in developing their skill of :**

(1) using difficult words while speaking.

(2) identifying the moral message in the story.

(3) imagination and expression.

(4) using idioms and metaphors.

118. **Self-assessment by learners helps :**

(1) them in laying the foundation of a future teacher.

(2) them in understanding their achievement.

(3) them in accepting a lot of remedial practice.

(4) teachers to get some space to engage themselves in other academic tasks.

119. **English textbook at primary level should most importantly focus on :**

(1) age and interest of the learners and objective of the language.

(2) the strong and proper binding of book.

(3) attractive cover page and illustrations.

(4) grammatical forms.

120. **A teacher is teaching grammar to the class. She explains the rules and definitions and then gives examples. What is she practising ?**

(1) Immersion method

(2) Incidental method

(3) Inductive method

(4) Deductive method

# भाग – IV

## भाषा – I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र. सं. 91-120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) के उचित विकल्प चुनिए ।**

मनुष्य अपने जीवन में उम्र के कई पड़ावों से गुजरता है । उम्र का हर पड़ाव खास होता है, लेकिन बचपन अपने आप में ही कुछ अलग होता है । हर चिंता-फिक्र से परे होकर अपनी ही एक दुनिया होती है । अपनी सोच, अपने विचार, अपनी कल्पना शक्ति से बच्चे अपनी एक अलग दुनिया ही गढ़ लेते हैं, जो औरों से कोसों दूर होती है । बच्चों की मासूमियत भरी ये दुनिया बड़ों के लिए भले ही कुछ अटपटी सी होती है, लेकिन हकीकत में रोमांच और जिज्ञासाओं से भरी होती है । बच्चे अपनी कल्पना से दुनिया की हर चीज को मुट्ठी में कर लेना चाहते हैं । एक बचपन ही होता है, जिसमें सब कुछ संभव होता है ।

अक्सर लोग बच्चों की जिज्ञासाओं और उनकी मासूमियत भरी शरारतों से तंग आकर उन्हें डाँट देते हैं, लेकिन अगर देखा जाए, तो बच्चों की ये उम्र ही होती है, जिसमें वह अपनी ज़िंदगी के सपनों में रंग भरने की कोशिशें करते रहते हैं । हर छोटी चीज को जानने की उनकी ललक वास्तव में उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण की आधारशिला होती है । हमें समझना चाहिए कि बच्चे अपनी इन्हीं जिज्ञासाओं से ज्ञान अर्जित करते हैं । बच्चे पुस्तकों से कम, अपने आसपास से अधिक सीखते हैं । अत: हमें उनकी जिज्ञासाओं को दबाने की बजाय उसकी तृप्ति करनी चाहिए ।

91. **बचपन की एक विशेषता यह है कि उसमें :**
(1) रचनात्मक कार्य करने की प्रवृत्ति नहीं होती ।
(2) हर चीज को जानने की इच्छा होती है ।
(3) प्रतिष्ठा प्राप्त करने की इच्छा होती है ।
(4) महत्त्वाकांक्षाएँ नहीं होतीं ।

92. **बच्चे सर्वाधिक ज्ञान प्राप्त करते हैं :**
(1) अपने परिवार से
(2) अपने आसपास से
(3) पुस्तकों से
(4) अपने मित्रों से

93. **'एक बचपन ही होता है, जिसमें सब कुछ संभव होता है ।'**
**उपर्युक्त वाक्यांश में संज्ञा शब्द है :**
(1) सब कुछ
(2) बचपन
(3) एक
(4) संभव

94. **'मासूमियत' का आशय है :**
(1) अज्ञान
(2) भोलापन
(3) नादानी
(4) कमज़ोरी

95. **बचपन सब अवस्थाओं से विशेष हैं क्योंकि तब हम :**
(1) अपनी बात मनवा लेते हैं ।
(2) सिर्फ खेलते-कूदते हैं ।
(3) प्रसन्न रहते हैं ।
(4) चिंता-मुक्त रहते हैं ।

96. 'मनुष्य अपने जीवन में उम्र के अनेक पड़ावों से गुजरता है ।' रेखांकित शब्द का तात्पर्य है :

(1) मोड़ों

(2) स्थितियों

(3) अवस्थाओं

(4) दशाओं

97. 'हकीकत' शब्द है :

(1) देशज

(2) आगत

(3) तत्सम

(4) तद्भव

98. 'जिज्ञासा' शब्द का अर्थ है :

(1) जीतने की इच्छा

(2) प्राप्त करने की इच्छा

(3) जानने की इच्छा

(4) जीने की इच्छा

99. बच्चों के द्वारा जिज्ञासा व्यक्त किए जाने पर अभिभावकों को चाहिए कि वे :

(1) बच्चों को टाल-मटोल से शांत कर दें ।

(2) बच्चों को प्यार से समझा दें ।

(3) बच्चों को डाँट कर चुप करा दें ।

(4) बच्चों पर ध्यान न दें ।

**निर्देश : निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।**

हरे-भरे विस्तार गाँव हैं
खेत और खलिहान गाँव हैं
लोक धुनों पर नृत्य दिखाते लोगों के उत्साह गाँव हैं ।

कल-कल, छल-छल बहती नदियाँ
चिड़ियों के मधुगान गाँव हैं
हँसी-ठहाके या मुसकान के पहचाने-से नाम गाँव हैं ।

आस और विश्वास गाँव हैं
खुशहाली की छाँव गाँव हैं
नहीं दिखावा तनिक कहीं भी निश्छलता के नाम गाँव हैं ।

100. ग्रामीणों की निश्छलता का प्रमाण है

(1) उनका जाना-पहिचाना होना ।

(2) उनमें दिखावा न होना ।

(3) उनका उत्साही होना ।

(4) उनमें भरपूर विश्वास होना ।

101. किस पंक्ति में परस्पर समानार्थी शब्द हैं ?

(1) खेत और खलिहान

(2) हँसी-ठहाके

(3) आस और विश्वास

(4) हरे-भरे विस्तार

102. कविता में 'गरीबी' का विलोम शब्द है :

(1) खुशहाली

(2) मुसकान

(3) निश्छलता

(4) मधुगान

103. **गाँवों को 'हरे-भरे विस्तार' कहा गया है क्योंकि :**

(1) वहाँ हरे-भरे खेत और वन होते हैं ।

(2) उन्हें हरियाली सदा पसंद होती है ।

(3) वे हरे और विस्तृत होते हैं ।

(4) वहाँ बड़े खेतों में हरियाली होती है ।

104. **'कल-कल-छल-छल' स्वर है :**

(1) नदियों का

(2) चिड़ियों का

(3) सागरों का

(4) गाँवों का

105. **'लोक धुन' प्रधान होती है :**

(1) भक्ति संगीत में

(2) विरह गीतों में

(3) शास्त्रीय संगीत में

(4) ग्रामीण गीतों में

**निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।**

106. **लेखन कौशल का आकलन करने के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है :**

(1) मुहावरेदार भाषा का प्रयोग

(2) शुद्ध वर्तनी का प्रयोग

(3) सुंदर हस्तलेख

(4) विचारों की मौलिकता

107. **भाषागत समझ का आकलन करने के लिए किस प्रकार के प्रश्न अच्छे कहे जा सकते हैं ?**

(1) जो प्रश्न लिखित सामग्री को कंठस्थ करने के लिए प्रोत्साहित करते हों ।

(2) जो प्रश्न नियमों को याद करने की संभावनाएँ प्रस्तुत करते हों ।

(3) जो प्रश्न कल्पनाशीलता का पोषण करते हों ।

(4) जो प्रश्न परिभाषाओं को याद करने पर बल देते हों ।

108. **प्राथमिक स्तर की भाषा की कक्षाओं में ब्रेल पुस्तकों की उपलब्धता के संदर्भ में आप क्या कहेंगे ?**

(1) प्रत्येक अध्यापक को ब्रेललिपि नहीं आती अत: उपलब्धता होने से कोई लाभ नहीं ।

(2) प्राथमिक स्तर पर 'सुनना-बोलना' महत्त्वपूर्ण होता है, अत: पुस्तक के बिना काम चल सकता है ।

(3) ये बहुत महँगी पड़ती हैं, अत: आवश्यक नहीं कि ये उपलब्ध करवाई जाएँ ।

(4) पढ़ना सीखने के लिए इनकी उपलब्धता ज़रूरी है ।

109. वाइगोत्स्की के अनुसार

(1) बच्चे बोलते हुए अपने काम को नियंत्रित भी करते हैं ।

(2) बच्चे काम करते हुए बिलकुल भी नहीं बोलते ।

(3) बच्चे अपने परिवेश की भाषा को अर्जित नहीं करते ।

(4) भाषा और चिंतन में कोई संबंध नहीं होता ।

**110. आपकी कक्षा में एक ऐसा विद्यार्थी है जिसकी श्रवण क्षमता पूरी तरह से विकसित नहीं हुई है । इस विद्यार्थी के लिए आप :**

(1) कक्षा में हमेशा अपने पास ही बैठाएँगे ।

(2) संकेत भाषा का प्रचुर मात्रा में प्रयोग करेंगे ।

(3) कक्षा में तेज़ आवाज़ में बोलेंगे ।

(4) बोलते समय विद्यार्थी को अपने होंठों की गति का अवलोकन करने के लिए कहेंगे ।

**111. "बच्चे अनुकरण से ही भाषा सीखते हैं ।"**

**उपर्युक्त कथन :**

(1) भाषा सीखने-सिखाने के प्रति कम समझ को दर्शाता है ।

(2) अध्यापकों को अनुकरणीय भाषा का प्रयोग करना सिखाता है ।

(3) भाषा सीखने-सिखाने के प्रति गहरी समझ को दर्शाता है ।

(4) भाषा की कक्षा के नियोजन का परिप्रेक्ष्य बताता है ।

112. लेखन क्षमता संवर्धित करने के लिए सबसे आवश्यक है कि :

(1) बच्चों ने वर्णों की आकृति का भरपूर अभ्यास किया हो ।

(2) अध्यापक को लेखन के आकलन की तकनीक की समझ हो ।

(3) बच्चों को लेखन का प्रयोजन पता हो ।

(4) बच्चों के पास लेखन के उपकरण पैंसिल आदि हों ।

**113. बच्चों द्वारा बनाई गई आड़ी-तिरछी रेखाएँ**

(1) अपने आप में लेखन है ।

(2) लिखना सीखने में महत्त्व नहीं रखतीं ।

(3) एक तरह की चित्रकारी हैं ।

(4) लेखन का हिस्सा हैं ।

**114. तीन वर्षीय अमन का भाषाई विकास अच्छी प्रकार से हो सके, इसके लिए उसके घर में नियम बनाया गया कि घर के सभी सदस्य आपस में एक ही भाषा का प्रयोग करेंगे । यह नियम :**

(1) भाषाई विकास की आंशिक रूप से अवहेलना करता है ।

(2) भाषाई विकास के सिद्धांतों का आंशिक रूप से अनुसरण करता है ।

(3) भाषाई विकास के सिद्धांतों की पूर्णतया अवहेलना करता है ।

(4) भाषाई विकास के सिद्धांतों का पूर्णतया अनुसरण करता है ।

115. भाषा की प्रकृति के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(1) प्रत्येक भाषा का स्वरूप अपरिवर्तनशील है ।

(2) भाषाएँ एक-दूसरे के सानिध्य में फलती-फूलती हैं ।

(3) कोई भी भाषा दूसरी भाषा को सीखने में मदद नहीं करती है ।

(4) कोई भी भाषा दूसरी भाषा को प्रभावित नहीं करती है ।

116. प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का उद्देश्य है, बच्चों को :

(1) जीवन की भिन्न-भिन्न स्थितियों में भाषा का प्रयोग बताना ।

(2) व्याकरण के नियमों की जानकारी देना ।

(3) भाषा की नियमबद्ध व्यवस्था से परिचित कराना ।

(4) सहज अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करना ।

117. शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषाई विकास के लिए आप किस तरह की कहानियों के चयन को सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?

(1) समालोचनात्मक चिंतन का विकास करने वाली कहानियाँ

(2) घटनाओं के दोहराव वाली मज़ेदार कहानियाँ

(3) देश भक्ति का संदेश देने वाली कहानियाँ

(4) नैतिक मूल्यों का विकास करने वाली कहानियाँ

118. किस स्थिति में आप कहेंगे कि 'पठन' हो रहा है ?

जब विद्यार्थी :

(1) बिना अटके हुए तेज़ गति से पठित सामग्री का उच्चारण करते हैं ।

(2) पढ़ते हुए अर्द्धविराम, पूर्णविराम आदि चिह्नों का ध्यान रखते हैं ।

(3) पढ़ते हुए भाव को भी समझ पा रहे हैं ।

(4) प्रत्येक शब्द को सही तरीके से उच्चरित कर रहे हैं ।

119. भाषा के सतत एवं व्यापक आकलन के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(1) यह जानने में अध्यापक की मदद करता है कि बच्चों को क्या नहीं आता ।

(2) यह बच्चों को सफल-असफल की श्रेणी में रखकर उपचारात्मक शिक्षण की बात कहता है ।

(3) यह बच्चे की प्रगति की तुलना दूसरे बच्चे की प्रगति से करने में विश्वास रखता है ।

(4) यह बच्चे के क्रमिक भाषाई विकास का अवलोकन करने पर बल देता है ।

120. प्राथमिक स्तर पर बच्चे किस तरह की कविताएँ अधिक पसंद करते हैं ?

(1) जो रोमांच पैदा करती हैं ।

(2) जो जीवन की सच्चाइयों से परिचित कराती हैं ।

(3) जो नवीन शब्दों से परिचय करवाती हैं ।

(4) जो किसी प्रकार की शिक्षा देती हैं ।

PART – V

## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150)**, if they have opted **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **121-128**) by selecting the **most appropriate** options :

"If I had what he [or she] has, then I'd be happy." We've all had such thoughts. When I lived in an apartment and had little money, I envied families who had a house and more money than I. When I bought my first house, I envied people who had bigger and nicer houses. When I drove a 1961 Studebaker, I envied those who drove newer and nicer cars. When I was unhappy in my marriage, I envied friends who had happy marriages. It seemed that no matter what I gained or acquired, there were always others I envied. I became a multimillionaire with a job that I loved and a family that I adored, yet there were times I found myself envying a high-school classmate who became a famous Director and billionaire. Then one day I reread Solomon's words on envy. He said envy was more destructive than anger. It is impossible to be happy and envious at the same time. I either had to find a way to deal with my envy, or I would never be consistently happy. Why ? Envy takes your eyes off what you have and focuses your attention on what you *don't* have. It reflects an attitude of arrogance and entitlement. When you are envious, misery and ultimately depression reign supreme.

The seeds of envy reside in everyone's heart and mind. They need to be dealt with daily. Martin Luther once said, "You can't stop a bird from landing on your head, but you can stop him from building a nest on it." We cannot prevent envious thoughts from entering our hearts, but we can keep them from taking root. And the antidote is gratefulness. Gratefulness literally means to be full of gratitude. When your heart is full of gratitude, there is no room for envy to grow.

**121. The word which is opposite in meaning to 'arrogance' is :**

(1) generosity

(2) kindness

(3) humility

(4) courtesy

122. In which one of the following sentences has the 'question tag' been correctly used ?

(1) The seeds of envy reside in every heart, haven't they ?

(2) The seeds of envy reside in every heart, didn't they ?

(3) The seeds of envy reside in every heart, aren't they ?

(4) The seeds of envy reside in every heart, don't they ?

123. 'We cannot prevent envious thoughts ....' 'Voice' in the above sentence has been correctly changed in :

(1) Envious thoughts may not be prevented by us.

(2) Envious thoughts cannot be prevented by us.

(3) Envious thoughts could not be prevented by us.

(4) Envious thoughts are not prevented by us.

124. The secret of being consistently happy lies in :

(1) cultivating good habits.

(2) curbing one's desires.

(3) leading a simple life.

(4) overcoming envy.

125. Envy focuses our attention on what :

(1) we have.

(2) we don't have.

(3) others have.

(4) others don't have.

126. The statement, 'The seeds of envy reside in everyone's heart' means that envy :

(1) is universal.

(2) is self-destructive.

(3) robs us of our happiness.

(4) is a dangerous emotion.

127. The antidote to envy is :

(1) gratefulness

(2) faithfulness

(3) love

(4) freedom

128. The word 'consistently' most nearly means :

(1) confidently

(2) firmly

(3) doubtlessly

(4) regularly

**Directions :** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **129-135**) by selecting the **most appropriate** options :

My father was a lover of his clan, truthful, brave and generous, but short-tempered. To a certain extent he might have been even given to pleasures. But he was incorruptible, and had earned a name for strict impartiality in his family as well as outside. His loyalty to the state was well known. A Political Agent spoke insultingly of his chief, and he stood up to the insult. The Agent was angry and asked him to apologize. This he refused to do and was therefore kept under detention for a few hours. But when the Agent saw that he was adamant, he ordered him to be released.

My father never had any ambition to accumulate riches, and left us very little property.

He had no education, save that of experience. At best, he might be said to have read up to the fifth standard. Of history and geography he was innocent. But his rich experience of practical affairs stood him in good stead in the solution of the most intricate questions and in managing hundreds of men. Of religious training he had very little, but he had that kind of religious culture which frequent visits to temples and listening to religious discourses make available to many Hindus. In his last days he began reading the Gita at the instance of a learned Brahman friend of the family, and he used to repeat aloud some verses everyday at the time of worship.

**129. The word 'adamant' most nearly means :**

(1) aggressive

(2) determined

(3) rugged

(4) angry

**130. 'His loyalty to the state was well known.'**

**'Tense' in the above sentence has been correctly changed into 'past perfect' in :**

(1) His loyalty to the state is well known.

(2) His loyalty to the state will have been well known.

(3) His loyalty to the state had been well known.

(4) His loyalty to the state has been well known.

**131. The word which is similar in meaning to 'learned' is :**

(1) shrewd

(2) alert

(3) clever

(4) scholarly

132. The author praises his father for his :

(1) incorruptibility and impartiality.

(2) outspokenness and impartiality.

(3) learning and impartiality.

(4) patience and incorruptibility.

**133. When the author's father refused to apologize to the Political Agent he was :**

(1) beaten

(2) detained

(3) humiliated

(4) heavily fined

**134. Though uneducated, the author's father could solve complex problems because he had :**

(1) ample experience of practical affairs.

(2) strong support of his patrons.

(3) a deep understanding of human nature.

(4) a charismatic personality.

**135. He acquired religious culture :**

(1) by making donations.

(2) through the grace of spiritual teachers.

(3) through service to the poor.

(4) by listening to sermons in temples.

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options :

**136. Which one of the following tasks in a language classroom promotes a child's active participation ?**

(1) children memorising the meanings of difficult words from a text.

(2) children practising the correct pronunciation of words in chorus.

(3) children carefully writing down the answers from the black-board.

(4) children working in groups and preparing for a role play.

**137. Error analysis should be carried out by a language teacher to :**

(1) scold students for repeating the mistakes again and again.

(2) inform parents that their wards are not paying attention in the class.

(3) find out the errors of learners and ask them to write each error ten times.

(4) gain information on common difficulties of learners in language learning.

**138. In second language learning, children require 'comprehensible input' which means moving from :**

(1) whole to part.

(2) part to whole.

(3) meaning to structure.

(4) structure to meaning.

139. As a language teacher your most important role is :

(1) to complete the prescribed textbook in time.

(2) to get the students secure good marks.

(3) to complete the syllabus in time.

(4) to develop the ability of children to use language.

140. Language games are effective in learning language because :

(1) they allow students to practise language skills.

(2) active students will positively participate in such activities.

(3) they save time and energy of teachers.

(4) they are not very expensive.

141. A teacher of class V is motivating students to read books other than the prescribed textbook because she wants to create interest in them for :

(1) writing stories and novels.

(2) reading to enhance their extensive reading skill.

(3) different genres to enhance their general knowledge.

(4) various authors to see them as budding authors.

142. That children learn language as a reaction to their parent's reinforcement, is suggested by which theory of language development ?

(1) Innatist

(2) Constructivist

(3) Behaviourist

(4) Cognitive

143. In a constructivist classroom language learning would most importantly be based on :

(1) detailed assessment of individual task.

(2) students' previous knowledge.

(3) careful teaching of the textbook.

(4) moving from simple to difficult grammar rules.

144. As per Official Language Act, 1963 which Article of Indian Constitution gives English the status of Associate Official language ?

(1) Article 345

(2) Article 347

(3) Article 341

(4) Article 343

145. Rajesh, a teacher of class VII organised an intra class extempore speech competition. Which one of the following parameters is least important in assessing extempore ?

(1) Accuracy and fluency

(2) Coherence of ideas

(3) Confidence of a child

(4) Personality of a child

146. The study of 'chunks of language' which are bigger than a single sentence is :

(1) Discourse

(2) Morphology

(3) Syntax

(4) Semantics

147. Writing a personal response to a literary text can be the most effective way for learners to enhance their :

(1) reflective and analytical thinking.

(2) grades in the formative assessment.

(3) ability to write a story or novel.

(4) understanding of the author's life sketch.

148. A teacher of class VII asks students to write an article on 'Pollution in our Cities'. She asked students to brainstorm ideas on pollution in cities, organise them, draft, edit and revise their article before submitting it. She is focussing on ________ of writing.

(1) input approach

(2) output approach

(3) product approach

(4) process approach

149. Rubric in assessment is a :

(1) record of students' performance, background and abilities.

(2) sort of learning difficulty faced by a child.

(3) set of fill in the blanks having every $5^{th}/7^{th}$ word as a blank.

(4) set of guidelines for measuring learners' achievements.

150. Which one of the following is most important in helping learners with learning difficulties ?

(1) The teacher should provide home tuitions to such learners.

(2) The teacher should ignore such learners.

(3) The teacher should give a lot of correction work to be completed at home by the learners.

(4) The teacher should design various learning activities in a meaningful/real life situation.

भाग – V

भाषा – II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र. सं. 121-150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128) के सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।**

उन दिनों, जब पंजाब का विभाजन घोषित हो चुका था – पंजाब की पाँचों नदियों का जल उन्माद की तीखी शराब बन चुका था, माँ ने फिर पंजाब जाने का फ़ैसला किया था । सभी ने ऐसे विरोध किया जैसे वे जलती आग में कूदने जा रही हों । और, वह सचमुच आग में कूदने जैसा ही तो था ! परंतु पिताजी सहित हम सब जानते थे कि माँ को अपने निश्चय से डिगाना कोई आसान नहीं । उन्होंने सबकी बातों को हँसकर टाल दिया । बीस-बाईस दिनों में वे वापस आ गईं । गाँव के घर का बहुत-सा सामान वे बुक करा आई थीं । साथ में वे अपना पुराना चरखा और दही मथने की बड़ी मथानी ले आई थीं ।

फिर सारे पंजाब में आग लग गई । घर-के-घर, गाँव-के-गाँव और शहर-के-शहर उस आग में जलने लगे । आग रुकी तो लगा, पेशावर तक सपाट फैली हुई जमीन अमृतसर और लाहौर के बीच से फट गई है, और उस पार का फटा हुआ हिस्सा बीच में गहरी खाई छोड़कर न जाने कितना उधर खिसक गया है । हम सब भूल-से गए कि उस गहरी खाई के उस पार हमारा अपना गाँव था, पक्की सड़क के किनारे पीछे की ओर एक नहर थी और पास ही झेलम नदी-अल्हड़ लड़की की तरह उछलती-कूदती बहती थी !

आज मैं माँ के साथ उस खाई पर से गुजरकर उस प्रदेश की ओर जा रहा था जो कल तक मेरा था । कितना अपना था और आज कितना पराया है ।

**121. 'गहरी खाई' प्रयोग में 'गहरी' शब्द है :**

(1) क्रिया

(2) सर्वनाम

(3) संज्ञा

(4) विशेषण

**122. उछलती-कूदती में समास है :**

(1) तत्पुरुष

(2) कर्मधारय

(3) द्विगु

(4) द्वंद्व

**123. 'अल्हड़' शब्द की वर्तनी होगी :**

(1) अ + ल् + ह् + अ् + ड़् + अ

(2) अल् + ह् + अ + ड़् + अ

(3) अल् + ह + ड़

(4) अ + ल् + ह + ड़

**124. सबकी कौन-सी बात माँ ने नहीं मानी ?**

(1) पंजाब न जाने की

(2) वापस गाँव आने की

(3) आग में जलने की

(4) पंजाब जाने की

125. 'उन दिनों' से तात्पर्य है :

(1) जब पंजाब के बँटवारे की घोषणा हुई ।

(2) जब माँ पंजाब वापस गई ।

(3) पंजाब की नदियों में जब बाढ़ आई ।

(4) जब पंजाब में आग लग गई ।

**126. हम जानते थे कि ________ कठिन काम है ।**

(1) पंजाब का विभाजन

(2) पाकिस्तान की यात्रा

(3) माँ का निश्चय बदलना

(4) विभाजन को टालना

**127. 'उस पार का फटा हुआ हिस्सा' से आशय है :**

(1) अमृतसर

(2) पाकिस्तान

(3) बंगलादेश

(4) भारत

**128. 'सारे पंजाब में आग लग गई' – कथन का आशय है :**

(1) विभाजन से दंगे हो गए ।

(2) अंग्रेजों ने अत्याचार किए ।

(3) अग्निकांड हो गया ।

(4) लड़ाई छिड़ गई ।

**निर्देश : नीचे दिए गद्यांश को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए । (प्र.सं. 129 से 135)**

एक लोकतांत्रिक समाज स्वतंत्रचेता व्यक्तियों का समूह होता है । ऐसा समूह जहाँ हर व्यक्ति अपनी स्वतंत्र सत्ता रखता है । मगर वह किसी अन्य की स्वतंत्रता में अतिक्रमण नहीं करता । सबको अपने ही समान मानता है और सबकी गरिमा का आदर करता है । इस आदर में सभी का एक-दूसरे के प्रति प्रेम-भाव शामिल होता है । ऐसा प्रेम-भाव जिसमें किसी दूसरे को मन, वचन और कर्म से पीड़ा पहुँचाने का कोई स्थान नहीं होता । क्या आज की हमारी शिक्षा मानवीय रिश्तों का यह भाव सिखाती है ? समानता पुरुष और स्त्री के बीच, गोरे और काले के बीच, अलग-अलग धर्मों को मानने वालों के बीच सिखाने की बात ज़रूर शिक्षा की व्यवस्था करने वाले करते हैं । समाज में संपन्न भी होते हैं, विपन्न भी, धनी भी और निर्धन भी । हैसियत वाले और पिछड़े भी होते हैं । इसीलिए इन सबके बीच समानता का व्यवहार सिखाने की अपेक्षा भी शिक्षा-व्यवस्था से ही की जा सकती है । शिक्षा से यह भी अपेक्षा की जाती है कि समाज में अलगाव की भावना को तिरोहित करके सब में अपनत्व का भाव पैदा करे और ऐसे मानवीय रिश्तों की स्वस्थ भूमि तैयार करे जिसमें समान रूप से अपने विकास के अवसर पा सकें ।

**129. हमें अपनी स्वतंत्रता के साथ-साथ :**

(1) दूसरों की शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए ।

(2) सभी को मानवीय रिश्तों का सबक सिखाना चाहिए ।

(3) दूसरों की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए ।

(4) अपनी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिए ।

130. अनुच्छेद में 'तिरोहित' करने का भाव है :

(1) दबा देना

(2) त्याग करना

(3) पुरोहिताई करना

(4) तर्पण करना

131. 'मानवीय' शब्द है :

(1) देशज

(2) आगत

(3) तत्सम

(4) तद्भव

132. शिक्षा से अपेक्षा की जाती है कि वह :

(1) अपनेपन को बढ़ावा दे ।

(2) सभी को समान बनाए ।

(3) सभी को संपन्न बनाए ।

(4) सभी को स्वस्थ बनाए ।

133. अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय समाज में :

(1) एकरूपता है ।

(2) सामाजिकता है ।

(3) समानता है ।

(4) विविधता है ।

134. 'मगर वह किसी अन्य की स्वतंत्र सत्ता का अतिक्रमण नहीं करता ।' वाक्य में 'अतिक्रमण' नहीं करने से तात्पर्य है :

(1) अधिकार नहीं मानना ।

(2) हस्तक्षेप नहीं करना ।

(3) आक्रमण नहीं करना ।

(4) अवहेलना नहीं करना ।

135. शब्दों के उस जोड़े को अलग कीजिए जो शेष से भिन्न हो :

(1) धनी – निर्धन

(2) पिछड़े – अगड़े

(3) संपन्न – विपन्न

(4) समान – सम्मान

**निर्देश : नीचे पूछे गए प्रश्नों के सबसे उचित उत्तर वाले विकल्प चुनिए ।**

136. विद्यार्थियों के लेखन कौशल का आकलन करने के लिए सबसे अधिक प्रभावशाली गतिविधि कौन-सी है ?

(1) पाठ देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखवाना ।

(2) अध्यापक द्वारा बोले जा रहे अनुच्छेद को लिखने के लिए कहना ।

(3) अध्यापक द्वारा श्यामपट्ट पर लिखे गए निबंध को उतरवाना ।

(4) विद्यार्थियों को अपने अनुभव डायरी में लिखने के लिए कहना ।

137. भाषा अर्जन से तात्पर्य है :

(1) किसी भी भाषा की लिपि की जानकारी ।

(2) किसी भी भाषा की वर्णमाला की जानकारी ।

(3) परिवेश में मौजूद किसी भाषा को सहजता से ग्रहण करने की क्षमता ।

(4) किसी भी भाषा के व्याकरण की समझ ।

138. सात वर्षीया अनुश्री के पड़ोसी बच्चे अनुश्री की भाषा से भिन्न भाषाएँ बोलते हैं । उनके साथ खेलने कूदने से :

(1) अनुश्री को संप्रेषण में परेशानी होगी ।

(2) अनुश्री का भाषिक विकास समृद्ध होगा ।

(3) अनुश्री का भाषिक विकास अवरुद्ध होने की संभावना है ।

(4) अनुश्री बोलने में संकोच का अनुभव करेगी ।

**139. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का उद्देश्य है :**

(1) लिखित सामग्री के प्रति अपनी समझ बना पाना ।

(2) नवीन लेखकों की कृतियों के नाम जानना ।

(3) विभिन्न साहित्यकारों का जीवन परिचय प्राप्त करना ।

(4) भाषा के नियमों को कंठस्थ करना ।

**140. 'सुनना' कौशल के बारे में कौन-सा कथन उचित है ?**

(1) चारों भाषाई कौशलों में 'सुनना' सर्वाधिक रूप से महत्त्वपूर्ण हो सकता है ।

(2) 'सुनने' से भाषा के नियमों को आत्मसात नहीं किया जा सकता ।

(3) भाषा की नियमबद्ध व्यवस्था को समझने में 'सुनने' का विशेष महत्त्व है ।

(4) सुनना अपने आप में एक पृथक कौशल है ।

141. विद्यार्थियों को व्याकरणिक नियमों की समझ देने के लिए ज़रूरी है कि :

(1) व्याकरण की पुस्तक का पठन करवाया जाए ।

(2) व्याकरण संबंधी परिभाषाएँ कंठस्थ करवाई जाएँ ।

(3) नियमों को श्यामपट्ट पर लिखते हुए उसकी व्याख्या की जाए ।

(4) विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने व बोलने-सुनने के अधिकाधिक अवसर दिए जाएँ ।

**142. किसी समावेशी कक्षा में कौन-सा कथन भाषा-शिक्षण के सिद्धांतों का पोषण करता है ?**

(1) भाषाई कौशलों के विकास के लिए भाषा वैज्ञानिक होना अनिवार्य है ।

(2) घर में अर्जित किए गए भाषाई अनुभव पढ़ना सीखने में किसी प्रकार का योगदान नहीं देते ।

(3) व्याकरण के नियम सिखाए बिना भाषा नहीं सीखी जा सकती ।

(4) बोलना सीखने के लिए किसी प्रकार के क्रम की आवश्यकता नहीं है ।

**143. बच्चों का समृद्ध भाषाई विकास हो सके, इसके लिए आप चाहेंगें कि आपकी कक्षा में :**

(1) मूक-बधिर बच्चों का नामांकन न हो ।

(2) भिन्न-भिन्न भाषा बोलने वाले बच्चों का नामांकन हो ।

(3) साक्षर अभिभावकों के बच्चों का नामांकन हो ।

(4) एक समान भाषा बोलने वाले बच्चों का नामांकन हो ।

144. 'लिखना' पढ़ने के बाद सीखा जाता है ।' भाषा सीखने-सिखाने के संदर्भ में इस विचार के प्रति आप :

(1) अपनी असहमति प्रकट करेंगे ।
(2) लिखने पर अधिक बल देंगे ।
(3) अपनी सहमति प्रकट करेंगे ।
(4) 'पढ़ने' पर अधिक बल देंगे ।

145. विद्यालयी शिक्षा के संदर्भ में भाषा शिक्षण का उद्देश्य है :

(1) स्थिति अनुसार भाषा का सृजनशील प्रयोग करना सीखना ।
(2) साहित्यिक विधाओं का परिचय देना ।
(3) बच्चों की भाषा के मानक स्वरूप के प्रति समझ बनाना ।
(4) व्याकरणिक नियमों की जानकारी देना ।

146. भाषा के व्याकरण की समझ का आकलन किया जाना चाहिए :

(1) लघूत्तर प्रश्नों के माध्यम से ।
(2) संदर्भ परक प्रश्नों के माध्यम से ।
(3) निबंधात्मक प्रश्नों के माध्यम से ।
(4) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के माध्यम से ।

147. "इन गाँवों में शताब्दियों से हमारे पूर्वज रहते आ रहे हैं ।"

किसी अनुच्छेद की उपर्युक्त पंक्ति में 'शताब्दियों' शब्द का अर्थ समझाने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका सर्वाधिक उचित है ?

(1) अभिभावकों से पूछकर आने के लिए कहना ।
(2) श्यामपट्ट पर लिखकर अर्थ बताना ।
(3) विद्यार्थियों को पूरे अनुच्छेद के संदर्भ में शब्द का अर्थ समझने के लिए प्रोत्साहित करना ।
(4) शब्दकोश से अर्थ ढूँढने के लिए प्रेरित करना ।

148. एक सशक्त विद्यालय अपने भाषा-अध्यापकों में निम्नलिखित योग्यताओं में से किसे सर्वाधिक बढ़ावा देगा ?

(1) अनुशासित रहने की प्रवृत्ति
(2) पुस्तकालय के लिए तरह-तरह की पुस्तकें देने की प्रवृत्ति
(3) योगात्मक आकलन करने की प्रवृत्ति
(4) तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की प्रवृत्ति

149. "जब से मुझे पता चला है कि मखमल के गद्दों पर सोने वालों के सपने खुरदरी ज़मीन पर सोने वालों के सपनों से मीठे नहीं होते, तब से मेरी इंसाफ़ में दृढ़ श्रद्धा हो गई है ।"

आकलन की दृष्टि से आप किस प्रश्न को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मानते हैं ?

(1) खुरदरी ज़मीन पर सोने वालों के सपने मीठे क्यों होते होंगें ?
(2) इंसाफ़ से क्या अभिप्राय है ?
(3) मखमल के गद्दों पर सोने वालों के सपने कैसे होते हैं ?
(4) खुरदरी ज़मीन पर सोने वालों के सपने कैसे होते हैं ?

150. भाषा शिक्षण में पाठ्यपुस्तक की मुख्यत: क्या भूमिका है ?

(1) यह भाषा के विभिन्न आयाम प्रस्तुत करती है ।
(2) यह व्याकरणिक नियमों की जानकारी देती है ।
(3) इससे आकलन व मूल्यांकन के लिए बहुत से प्रश्न बने-बनाए मिल जाते हैं ।
(4) इससे तरह-तरह की गतिविधियाँ मिल जाती हैं ।

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**रफ कार्य के लिए जगह**

## निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन प्रश्न पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह काले/नीले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडिन जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्वीच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***

## READ CAREFULLY THE FOLLOWING INSTRUCTIONS :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Black/Blue Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room / Hall. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***